राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 185, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 19 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


श्री राम मंदिर का मॉडल, श्री राम ध्वजा, पटका, और दीपक का वितरण प्रारंभ किया .... पेज 03

बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी .... पेज 05

प्रो कबड्डी लीग : जयपुर पिंक पैंथर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया .... पेज 07


भारत जोड़ो न्याय यात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नागालैंड के मोकोकचुंग जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों का अभिवादन किया।

# 22 जनवरी को केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश, शराब-मीट नहीं बिकेगा

नई दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश के केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। इसको लेकर सरकार ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक सरकारी कार्यालयों और स्कूल-कॉलेज में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। ऐसा इसलिए ताकि लोग रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देख सकें। इसके अलावा 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश रहेगा। वहीं, 7 राज्यों में मीट और शराब की बिक्री नहीं होगी।

अब तक 5 राज्यों ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इनमें क्क गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा शामिल हैं। राजस्थान सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग आज यानी 18 जनवरी को होगी, जिसमें 22 जनवरी को सरकारी अवकाश को लेकर फैसला होगा।



**उत्तर प्रदेश :** राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक, 22 जनवरी को सभी सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां रहेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में 22 जनवरी को दिवाली की तरह ही उत्सव मनाने की अपील की है।

**गोवा :** उत्तर प्रदेश के ही तर्ज पर गोवा में भी 22 जनवरी को सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि पूरे देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह है। ऐसे में गोवा में भी सभी सरकारी कार्यालयों और स्कूलों छुट्टियां की जाती है, ताकि लोग इस पर्व का मना सकें।

उन्होंने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस खास दिन को दिवाली की तरह खुशी और उत्साह के साथ मनाएं। दरअसल, सीएम सावंत खुद भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे।

**मध्यप्रदेश :** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोगों कहा कि 22 जनवरी को त्योहार की तरह मनाएं। साथ ही ये भी कहा कि राज्य में इस दिन सभी सरकारी कार्यालय और स्कूलों में सार्वजनिक छुट्टी रहेगी।

हालांकि, इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं गया। वहीं, राज्य में शराब और मीट की दुकानों को बंद रखने का भी आदेश दिया है।

# वडोदरा में नाव पलटी, 13 बच्चे, 2 टीचर की मौत

### 12 को बचाया; सेल्फी लेते समय बैलेंस बिगड़ा, किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा के निकट हरणी झील में एक नाव पलटने की खबर सामने आई है। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 13 छात्र और दो शिक्षक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि नाव में निजी स्कूल के 27 छात्र सवार थे। मौके पर बचाव कार्य जारी है। नाव की क्षमता 14 लोगों की थी लेकिन इसमें 27 से ज़्यादा लोगों को सवार किया गया था। मृतक के परिवार को PMNRF की ओर से 2 लाख रुपये की और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं राज्य सरकार मृतक परिवार को 4 लाख रुपये देगी और घायलों को 50 हजार रुपये। हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। इनमें से किसी भी बच्चे या टीचर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से जब नाव पलटी तो सभी पानी में डूबने लगे। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने 16 लोगों की मौत कंफर्म की है। हरणी झील में डूबने से 14 बच्चे और 2 टीचर की मौत हुई है। वह वडोदरा के प्रभारी मंत्री भी हैं। सामने आया है कि हर्ष संघवी भी घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, वडोदरा की मेयर पिंकी सोनी ने कहा कि पर्यटक बच्चों और शिक्षकों की नाव पलट गई है। अस्पताल में तैयारियां कर ली गई हैं। बचाव कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बता दें कि वडोदरा शहर की हरणी झील का प्रबंधन वडोदरा नगर निगम के साथ अनुबंध के मुताबिक कोटिया फर्म करती है। घटना के वक्त नाव में कुल 23 बच्चे और 4 शिक्षक सवार थे।

वहीं, सीएम भूपेंद्र पटेल ने इस हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, वडोदरा की हरणी झील में नाव पलटने से बच्चों के डूबने की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। मैं अपनी जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। दयालु ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दे। नाव पर सवार छात्रों और शिक्षकों का बचाव अभियान फिलहाल जारी है. सिस्टम को दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल राहत और उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

## एलओसी के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट, सेना का एक जवान शहीद; दो घायल

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा में एक पुरानी बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से सेना का एक जवान शहीद हो गया। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट में कम से कम दो अन्य सैनिक घायल हुए हैं। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच सेना ने इलाके की घराबंदी कर सर्च अभियान शुरू कर दिया है। सुरंग में विस्फोट उस समय हुआ जब सेना का गश्ती दल एलओसी पर नियमित निगरानी कर रहा था। इसी दौरान जवान पर पैर वहां बिछी लैंडमाइन पर पड़ गया। बता दें कि गणतंत्र दिवस और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा सहित पूरे जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस समारोह से पहले सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है।

# मणिपुर के थौबल में पुलिस हेडक्वार्टर पर फायरिंग

### बीएसएफ के दो जवान घायल; सुरक्षा सलाहकार बोले- हमले के पीछे म्यांमार के उग्रवादी

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में उपद्रवियों ने बुधवार रात (17 जनवरी ) पुलिस हेडक्वार्टर पर हमला किया। उपद्रवी भीड़ की तरफ से की गई फायरिंग में तीन जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार भीड़ ने पहले हेडक्वार्टर में दाखिल होने की कोशिश की थी। जब पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया, तो भीड़ के बीच से कुछ उपद्रवियों ने फायरिंग कर दी।

घायल जवानों की पहचान कांस्टेबल गौरव कुमार, एएसआई सोबराम सिंह और एएसआई रामजी के तौर पर हुई है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले भीड़ ने खंगाबोक के इंडियन रिजर्व बटालियन पर हमला किया था, जहां से सुरक्षाबलों ने उपद्रवी भीड़ पर बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया था।

घटना के बाद जिला प्रशासन ने थौबल में कर्फ्यू लगा दिया है। हालांकि स्वास्थ्य, मीडिया सहित जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों और कोर्ट के कामकाज में शामिल लोगों समेत हवाई अड्डों पर जाने वाले यात्रियों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी गई है।



मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने गुरुवार को आशंका जताई कि मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में पुलिस कमांडो पर हुए हमले में म्यांमार के कुछ उग्रवादी शामिल हो सकते हैं।

#### बुधवार सुबह मोरेह गांव में सुरक्षाबलों पर उपद्रवियों ने किया था हमला

इससे पहले बुधवार सुबह म्यांमार सीमा से लगे मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरेह गांव में भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया था। इसमें दो जवानों सहित एक कुकी समुदाय की महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह एसबीआई के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# एअर इंडिया-स्पाइसजेट पर 30-30 लाख का जुर्माना

**कोहरे के दौरान ट्रेंड पायलट्स की ड्यूटी नहीं लगाई थी, इससे कई फ्लाइट्स लेट-डायवर्ट हुईं**

नई दिल्ली। खराब मौसम में पायलट्स की ड्यूटी लगाने में लापरवाही बरतने को लेकर स्पाइसजेट और एअर इंडिया पर 30-30 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एसोसिएशन ने बुधवार (17 जनवरी) को दोनों एयरलाइंस के खिलाफ ये कार्रवाई की।

डीजीसीए की तरफ से बताया गया कि दिसंबर 2023 में फ्लाइट्स के लेट, कैंसिल और डायवर्ट होने के डेटा का एनालिसिस किया गया था।

इसमें पता चला कि कोहरे के कारण 25 से 28 दिसंबर के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 60 फ्लाइट्स लेट हुई थीं। इनमें सबसे ज्यादा एअर इंडिया और स्पाइसजेट की फ्लाइट्स थी।

जांच में पता चला कि एअर इंडिया और स्पाइसजेट ने खराब मौसम के बावजूद सीएटी-3 की ट्रेनिंग ले चुके पायलट को ड्यूटी पर नहीं लगाया गया था। दोनों एयरलाइंस ने विमान उड़ाने की जिम्मेदारी उन पायलट्स को सौंपी, जिनके पास सीएटी-3 की ट्रेनिंग नहीं थी। इसके कारण ज्यादातर फ्लाइट्स लेट और डायवर्ट हुईं।

सीएटी-3 यानी कैटेगरी-3 खराब मौसम में फ्लाइट्स की सुरक्षित लैंडिंग कराने का इंटरनेशनल स्टैंडर्ड है। इसमें एडवांस ऑटोपायलट, ग्राउंड इक्विपमेंट और प्रिसिशन इंस्ट्रूमेंट अप्रोच शामिल होता है, जिसकी मदद से कम विजिबिलिटी के दौरान फ्लाइट की लैंडिंग कराई जाती है।

## ओडिशा में ट्रक से कुचल कर चार मजदूरों की मौत


भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में गुरुवार तड़के ट्रक से कुचल कर चार मजदूरों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई, जब सभी मजदूर ट्रक के नीचे सो रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश के पांच मजदूर बरगढ़ जिले के मेलचामुंडा थानांतर्गत बिरजम गांव में एक बोरवेल की खुदाई का काम कर रहे थे। सभी मजदूर कल रात ट्रक के नीचे सो रहे थे, तभी ड्राइवर ने अनजाने में वाहन स्टार्ट करने की कोशिश की और रिवर्स गियर डाल दिया, जिससे सभी मजदूर वाहन के पहिये के नीचे आ गए। चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और घटना में गंभीर रूप से घायल एक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि ठेकेदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और मृतक मजदूरों की पहचान की जा रही है।

# मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित छह स्मारक डाक टिकट किये जारी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित छह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए, साथ ही विश्व के अलग-अलग देशों में प्रभु श्रीराम से जुड़े जो डाक टिकट पहले जारी हुए हैं, उनका भी एक एल्बम आज जारी किया गया।

इस अवसर पर मोदी ने भारत और विदेशों में प्रभु श्रीराम के भक्तों को बधाई देते हुये कहा,हम सभी जानते हैं कि पत्र या महत्वपूर्ण दस्तावेज भेजने के लिए लिफाफे पर ये टिकट चिपकाए जाते हैं। लेकिन वे एक अन्य उद्देश्य भी पूरा करते हैं। डाक टिकट ऐतिहासिक घटनाओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के माध्यम के रूप में भी काम करते हैं।

इसलिए जब भी आप किसी को डाक टिकट के साथ कोई पत्र या वस्तु भेजते हैं, तो आप उन्हें इतिहास का एक टुकड़ा भी भेज रहे होते हैं।



ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये स्मारक टिकट युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम और उनके जीवन के बारे में जानने में भी मदद करेंगे। इन टिकटों पर कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति व्यक्त की गई है और लोकप्रिय चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी के उल्लेख के साथ राष्ट्र के विकास की कामना की गई है।

इन टिकटों पर सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नए प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है, जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती है।

# केरल हेली-टूरिज्म नीति लाने वाला पहला प्रदेश बना

नयी दिल्ली। केरल पर्यटन विभाग ने वर्ष 2024 में नये कीर्तिमान स्थापित करने के प्रयास के तहत हेली-टूरिज्म सिहित कई योजनाओं को नया रूप दे रहा है। पर्यटन सचिव के बीजू ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि केरल व्यापक हेली-टूरिज्म की नीति लाने वाले देश का पहला राज्य है। इसके तहत हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाताओं की ओर से पेश किये गये पैकेजों का विवरण देने वाली एक माइक्रो-साइट बनायी गयी है। यह एक ही बार में विभिन्न स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे पर्यटकों के लिये बहुत मददगार सिद्ध होगी। इससे राज्य परस्पर जुड़ा एक पर्यटन हॉटस्पॉट बन जायेगा।

उन्होंने बताया कि केरल को वैश्विक एडवेंचर टूरिज्म मानचित्र पर लाने के उद्देश्य से सरकार ने इस वर्ष चार



अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेल (एडवेंचर स्पोर्टस) आयोजनों की मेजबानी करने का निर्णय लिया है। राज्य में पहाड़ों, नदियों, समुद्र तटों और नहरों का मिश्रण होने के कारण बिग टिकट वाला एडवेंचर टूरिज्म कार्यक्रम भी शुरू किया जाने वाला है। इससे इस क्षेत्र में अपार संभावनायें उत्पन्न होंगी। बीजू ने कहा कि सरकार डेस्टिनेशन वेडिंग के लिये अनुकूल माहौल बनाने, दुनिया भर से जोड़ों को आकर्षित करने और पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है।

आदेश

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन, कहा- इन दवाओं को ज्यादा बढ़ावा न दें

# डॉक्टरों को एंटीबायोटिक्स लिखने का कारण बताना होगा

एजेंसी

नई दिल्ली। एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस ने भारत के सभी फार्मासिस्ट एसोसिएशन्स को लेटर लिखा है। इसमें फार्मासिस्ट्स से अपील की गई है कि वे एंटीबायोटिक की दवा डॉक्टर्स के प्रिस्क्रिप्शन के बिना न दें।

देश में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बढ़ गया है, जो इंसान के स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसान है। इसी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आने वाले DGHS ने लेटर में डॉक्टर्स से अपील की गई है कि वे एंटीबायोटिक दवाओं को ज्यादा बढ़ावा न दें और आदेशों को प्रभावी रूप सुनिश्चित करें। अगर मरीज लो एंटीबायोटिक्स लेने की सलाह दे रहे हैं तो इसका कारण भी बताएं।



#### 2019 में लगभग 13 लाख मौतें हुई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटर में कहा गया है कि एंटीमाइक्रोबॉयल रेजिस्टेंस ग्लोबल तौर पर बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। एक अनुमान के मुताबिक, 2019 में लगभग 13 लाख मौतों के लिए बैक्टीरियल AMR सीधे तौर पर जिम्मेदार था। इसके अलावा 50 लाख मौतें ड्रग रेजिस्टेंस इंफेक्शन से हुई हैं। दरअसल, 20वीं सदी के शुरुआत से पहले सामान्य और छोटी बीमारियों से भी छुटकारा पाने में महीनों लगते थे, लेकिन एंटीमाइक्रोबियल ड्रग्स (एंटीबायोटिक, एंटीफंगल, और एंटीवायरल दवाएं) के इस्तेमाल से बीमारियों का तुरंत इलाज होने लगा। एंटीबायोटिक का इस्तेमाल बैक्टीरिया को मारने के लिए किया जाता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति बार-बार एंटीबायोटिक का इस्तेमाल कर रहा है तो बैक्टीरिया उस दवा के खिलाफ अपनी इम्युनिटी डेवलप कर लेता है। इसके बाद इसे ठीक करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। इसे ही एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस कहते हैं।

# ठंड से दिल्ली में घना कोहरा, विलंब से चल रही 18 ट्रेनें

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाये रहने के कारण दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें विलंब से चल रही है वहीं हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक दिल्ली आने वाली करीब 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों में पुरी-निजामुद्दीन पुरूषोत्तम एक्सप्रेस अपने तय समय से करीब छह घंटे की देरी से चल रही है। वहीं पांच अन्य ट्रेनें भी तीन से पांच घंटे विलंब से चल रही है।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पालम वेधशाला के मुताबिक दृश्यता घटकर केवल 50 मीटर रह गयी, जिसका उड़ानों पर असर पड़ा। निर्धारित समय से देरी से चल रही उड़ानों के कारण हवाईअड्डे पर फंसे यात्री अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार सुबह 05.30 बजे पंजाब, हरियाणा, पश्चिम राजस्थान और बिहार के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अगले पांच दिनों तक उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है।

इस बीच दिल्ली और आसपास के राज्यों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर जारी रही। दिल्लीवासियों को आज सर्द मौसम का सामना करना पड़ा। यहां न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया , जो सामान्य से एक डिग्री कम है।

# हंगामा : नोएडा प्राधिकरण के गेट पर किसानों ने लगाया ताला

## गेट पर चढ़कर हंगामा कर रहे, पुलिस से हुई नोकझोंक; किसान नेता सुखवीर खलीफा घायल

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के गेट पर गुरुवार को किसानों ने ताला जड़ दिया। किसान गेट पर चढ़कर हंगामा कर रहे हैं। पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा को चोट लगी है।

इसके पहले अपनी कई मांगों को लेकर 105 गांवों के नाराज किसान गुरुवार को सुबह बड़ी संख्या में नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। इसके बाद गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। किसानों का कहना है कि हम अपना हक लेकर जाएंगे। वहीं, किसानों की तालाबंदी की इस दौरान एक महिला की तबीयत भी बिगड़ गई।

### जो मालिक है, वो सड़कों पर है

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि जो मालिक है, वो सड़कों पर है। पुलिस भी किसानों के बच्चे हैं। हम लाठी-डंडा खा लेंगे, लेकिन तालाबंदी करेंगे। वहीं, किसानों ने कहा कि हमारी लड़ाई अधिकारियों से नहीं कुर्सी से है। अधिकारी तो आते-जाते हैं, लेकिन अपना हम लेकर रहेंगे। हमारा जायज हक है। सांसद से कहे 1 साल हो गए, अभी तक कुछ नहीं हुआ। अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए कि इतने समय से यहां बैठे हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

### 2 जनवरी को किया था प्राधिकरण की तालाबंदी का ऐलान

इससे पहले 2 जनवरी को किसानों ने प्राधिकरण की तालाबंदी करने का ऐलान किया था। लेकिन उस समय पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद तालाबंदी रोक दी गई थी। जिसमें तय



किया गया था कि प्राधिकरण के चेयरमैन से वार्ता करवाकर मांगों का निपटारा किया जाएगा। बैठक तो हुई लेकिन वह सफल नहीं हुई थी। जिसके बाद एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांव के किसानों ने मिलकर प्राधिकरण की तालाबंदी कर दी।

### किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए।
किसानों की आबादी का पूर्ण निपटारा कर रेवेन्यू रिकॉर्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए।
आबादी विनियमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए।
ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए।
5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए।
नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भू-लेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से किया जाए।
गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

### डीएम से वार्ता के बाद तालाबंदी का किया था ऐलान

भारतीय किसान परिषद के देखरेख में किसानों का धरना आज 38वें दिन की जारी है। इनके दो प्रदर्शन चल रहे है पहला नोएडा प्राधिकरण के बाहर और दूसरा एनटीपीसी के बाहर। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन कोई भी आश्वासन नहीं मिला था। सुखबीर खलीफा ने कहा कि कुछ भी हो जाए हम अपना हक लेकर जाएंगे। इसके लिए हमे दिल्ली कूच करना पड़े हम जाएंगे। विधायक से लेकर सांसद तक का घिराव करेंगे। इसकी शुरुआत नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी से की गई है।

# डीजीएम की कमेटी देगी अप्रूवल तब होगा स्ट्रक्चर ऑडिट

## 8 सोसाइटी की एओए ने कमजोर इमारत का हवाला देकर प्राधिकरण में किया आवेदन

नोएडा। प्राधिकरण की स्ट्रक्चर ऑडिट पॉलिसी बन चुकी है। इसे अप्रैल से लागू भी कर दिया गया है। लेकिन एक भी सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट अब तक नहीं हो सका है। अब इसके नियम में कुछ बदलाव किया गया है। सोसाइटी की ओर से आवेदन करने के बाद पहले डीजीएम स्तर पर बनी एक कमेटी नियोजन विभाग के साथ सोसाइटी का निरीक्षण करेगी। इस कमेटी में डीजीएम सिविल, डीजीएम जल और डीजीएम जन स्वास्थ्य को शामिल किया गया है।

प्राधिकरण की इस समिति को लगता है कि सोसाइटी में स्ट्रक्चर ऑडिट की आवश्यकता है तो ही वो एओए या




बिल्डर को आगे की प्रक्रिया के लिए अप्रूवल देंगे। एक बार अप्रूवल मिलने के बाद आवेदन कर्ता प्राधिकरण के चुने हुए पैनल में किसी एक से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकता है। अब तक नोएडा प्राधिकरण में आठ सोसाइटी ने स्ट्रक्चर ऑडिट के लिए आवेदन किए है। इसमें से अब एक भी सोसाइटी का निरीक्षण नहीं किया जा सका है। बताया गया कि जल्द ही टीम आठों सोसाइटी में जाकर उसका फिजिकल दौरा कर सकती है।

नोएडा में करीब 100 सोसाइटी है। जिनमें 400 हाइराइज इमारत है। सवाल ये है कि इन इमारतों की मजबूती कितनी है। इनमें से अधिकांश इमारतों को बने हुए पांच साल से ज्यादा हो गए। प्राधिकरण का दावा है यहां बनी इमारत रैक्टर स्केल 7 और 8 तक का झटका झेल सकती है। हालांकि इनके लिए प्राधिकरण ने ऑप्शन दिए है। जिन इमारतों की लाइफ पांच साल हो चुकी है। आरडब्ल्यूए या एओए भी इन एजेंसियों से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकती है। इसका खर्चा उन्हें खुद देना होगा।

बता दे नोएडा सिस्मिक जोन-4 में आता है। यानी ये एरिया भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। इसको लेकर नोएडा में बनाए जा रहे प्रोजेक्ट , सड़क और इमारत सिस्मिक जोन-5 के हिसाब से बनाई जा रही है। हालांकि नोएडा के बायर्स की ओर हमेशा स्ट्रक्चर को लेकर शिकायत की जाती रही है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक कमेटी का गठन किया है। जो स्ट्रक्चर ऑडिट के दौरान ये तय करेगी कि इमारत में माइनर इफेक्ट है या मेजर इसकी के बाद ऑडिट होगा और मरम्मत होगी।

# आकाओं को खुश करने वाली धामी की नीतियों के लिये लोग माफ नहीं करेंगे : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अकाली दल के चुनाव चिन्ह की तुलना गुरु नानक देव के साथ करने संबंधी हरसिमरत कौर बादल के बयान पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा कि हैरानी की बात है कि हरसिमरत बादल के ऐसे गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद बयानों से हर सिख के दिल पर ठेस पहुँची है, लेकिन शिरोमणि कमेटी इस मुद्दे पर चुप है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि धामी अकाली दल विशेष रूप से बादल परिवार के वफादार वॉलंटियर से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिरोमणि कमेटी के प्रधान ने अपने आकाओं की सभी गलतियों पर आंखें बंद कर ली है, जिससे पूरे सिख समुदाय की भावनाएं आहत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरसिमरत बादल का यह बयान माघी के मौके पर आया है, लेकिन इस पूरे मामले पर धामी की चुप्पी ने पुष्टि कर दी है कि शिरोमणि कमेटी प्रधान बादलों की हाथों की कठपुतली से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह इतना बुरा है कि बादल परिवार की कार्यवाही सिख मर्यादा के विपरीत होने के बावजूद शिरोमणि कमेटी प्रधान को उनमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। मान ने शिरोमणि कमेटी प्रधान को चेतावनी दी कि सिख संगत उन्हें अपने आकाओं को खुश करने की नीति के लिए माफ नहीं करेगी और उन्हें करारा सबक सिखाएगी।

# भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमान खरीददार बना : सिंधिया

हैदराबाद। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत ने अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमान खरीददार बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मंत्री ने यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर चार दिवसीय विंग्स इंडिया 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र टेकऑफ चरण में है। मंत्री ने उल्लेख किया कि एयर इंडिया के पास 470 विमान हैं, जिनमें से 250 एयरबस से और 220 बोइंग से हैं। इसके अतिरिक्त, इंडिगो के पास 500 विमान हैं, जिसमें अकासा द्वारा बोइंग 737 का सबसे बड़ा ऑर्डर शामिल है और इसमें 150 विमान शामिल हैं। एयरलाइंस के बंद होने की पिछली खबरों को खारिज करते हुए, सिंधिया ने उल्लेखनीय वृद्धि के लिए अकासा की सराहना की। उन्होंने एयरलाइन की सफलता पर प्रकाश डाला, जिसने एक वर्ष के भीतर दो से 20 विमानों तक विस्तार किया, 76 विमानों के लिए ऑर्डर दिया और बाद में 150 विमानों के लिए अतिरिक्त ऑर्डर की घोषणा की। मंत्री ने 2030 तक घरेलू यात्री संख्या 30 करोड़ से अधिक तक पहुंचने की उम्मीद के साथ आगे की वृद्धि की संभावना पर चर्चा की। इस अनुमान के बावजूद, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का विमानन बाजार कम पहुंच वाला है, प्रवेश को 3-4 प्रतिशत से बढ़ाकर10-15 प्रतिशत करने की योजना है।

# ईडी ने जम्मू-कश्मीर चिकित्सा बीमा घोटाला मामले में 36.57 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर में कथित चिकित्सा बीमा घोटाला मामले में 36.57 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियां जब्त की हैं।मेसर्स रिलायंस जनरल इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड के मामले में अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया था।

ईडी ने मेसर्स ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड, मेसर्स रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ जम्मू-कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दायर शिकायत के आधार पर आरपीसी (आईपीसी की धारा 120-बी और 420) , पीसी अधिनियम की धारा 13(1) (डी) 13(2) और जेकेपीसी (पैरी-मटेरिया) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध करने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, श्रीनगर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी ने कहा कि जांच से पता चला है कि जम्मू-कश्मीर के वित्त विभाग ने जानबूझकर केन्द्र शासित प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए उक्त स्वास्थ्य योजना के डिजाइन, टेंडर जारी करने और कार्यान्वयन के लिए मध्यस्थ (यानी बीमा ब्रोकर) की नियुक्ति के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड को ध्यान में रखे बिना मेसर्स टीआरबीएल को चयन, शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया में संदिग्ध निविदा प्रदान की।

आईआरडीएआई पंजीकृत बीमा कंपनी की नियुक्ति के लिए निविदा मेसर्स टीआरबीएल के माध्यम से उक्त बीमा कंपनी को प्रदान की गई थी, जिसे आवश्यक पात्रता मानदंडों में संशोधन और विलोपन द्वारा पहले ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काली सूची में डाल दिया गया था।

ईडी के एक प्रवक्ता ने कहा, इस तरह उपरोक्त कंपनियों को 63.53 करोड़ रुपये की राशि धोखाधड़ी से वितरित की गई। उन्होंने कहा, उक्त राशि में से लगभग 17 करोड़ रुपये के मेडिकल दावे मेसर्स आरजीआईपीएल द्वारा वितरित किए गए हैं। ईडी ने मेसर्स ग्लोबस ट्रेड लिंक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर लगभग 4.04 करोड़ रुपये की जमीन और मेसर्स टीआरबीएल की एक सहायक कंपनी और मेसर्स रिलायंस जनरल इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित 32.53 करोड़ के मूल्य की एफडीआर कुर्क की है।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडिया गठबंधन से हार के डर से भाजपा बेचैन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को स्थगित करने की कोशिश के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला और कहा कि यहां इंडिया गठबंधन स्पष्ट रूप से जीत रहा है, इसलिये भाजपा हार के डर से ऐसा अलोकतांत्रिक कदम उठा रही है।

चंडीगढ़ मेयर का चुनाव 18 जनवरी को होना था, लेकिन अब इसे स्थगित किया जा रहा है। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन की ताकत से घबरा गयी है और वे इंडिया गठबंधन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं।

आप चंडीगढ़ प्रभारी जरनैल सिंह ने



गुरुवार को कहा कि जो कोई भी यह सोचता है कि भाजपा को हराना मुश्किल है, वह आज चंडीगढ़ में उनकी हालत देख सकता है। वह हार से इतने डरे हुए हैं कि चुनाव से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप और कांग्रेस के गठबंधन के बाद भाजपा इस चुनाव को रद्द करना चाहती है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि अब पूरा देश भाजपा की तानाशाही के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और जल्द ही हम इससे छुटकारा पा लेंगे।

चंडीगढ़ में भाजपा की रणनीति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आप के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने एक्स पर कहा, अपनी अपरिहार्य हार को देखते हुए भाजपा ने चंडीगढ़ में अपनी गंदी चाल शुरू कर दी है। यह घटना हमारे देश के चुनाव प्रणाली को हतोत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को स्थगित करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे।' सांसद राघव चड्ढा ने भी चुनाव में इस अलोकतांत्रिक हस्तक्षेप के लिये भाजपा की आलोचना की और कहा कि भाजपा लोकतंत्र-फोबिया से ग्रस्त है। उसे लोकतंत्र और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों का भी डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इंडिया गठबंधन की जीत से डर गयी है।

आप नेता ने कहा कि उनके पक्ष में कुल 36 वोटों में से 20 वोटों के साथ, इंडिया गठबंधन चंडीगढ़ मेयर चुनाव जीतने के लिये तैयार है। इसने भाजपा के 'डर्टी ट्रिक्स विभाग' को ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर कर दिया है। तो पहले चुनाव सचिव बीमार पड़े और अब पीठासीन अधिकारी भी बीमार पड़ गये हैं।

# उत्तराखण्ड सदन में अभिनव ने किया पुलिस बैरकों का उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली/देहरादून। नयी दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन के भूतल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशानुसार गुरुवार को उत्तराखण्ड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने पुलिस बैरक का उद्घाटन किया।

इस दौरान कुमार ने पुलिस कर्मियों को भविष्य में हरसम्भव सहायता उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड सदन में पुलिस कर्मियों की सुविधा हेतु नवीनीकृत बैरक बनाए गए हैं। बैरक में तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जिसमें पुलिसकर्मी ड्यूटी के बाद आराम कर पाएंगे। इन आधुनिक सुविधाजनक बैरक में ठहरने वाले पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जिससे वे तनाव मुक्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि नवीनीकृत बैरक में कुल चार कक्ष बनाए गए हैं।

इस दौरान, उत्तराखण्ड सदन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी मनोज रावत सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# सारंग ने किया शूटिंग अकादमी का निरीक्षण

भोपाल। मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि भोपाल को स्पोर्ट्स टूरिज्म का हब बनाने के प्रयास किये जायेंगे। सारंग ने राज्य शूटिंग अकादमी का अवलोकन किया। अवलोकन के बाद उन्होंने नाथू बरखेड़ा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की जानकारी भी ली। उन्होंने टूरिज्म विभाग के साथ कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग से समन्वय कर खेल में एक साथ प्रतिभाओं को तराशने को कहा। उन्होंने खेल गतिविधियों के लिये नये स्थान चयनित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवाओं को शहर के विभिन्न स्थानों पर खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिये भी कार्य किया जाना होगा। सारंग ने फायर रेंज, 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर रेंज के साथ शॉटगन रेंज का अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक रेंज पर खिलाड़ियों से बात कर उनका उत्साहवर्धन किया। सारंग ने प्रशिक्षकों से खिलाड़ियों की प्रगति के बारे में जाना और खेल प्रतिभा में निखार के लिये यथासंभव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मंत्री सारंग ने भी 10 मीटर और शॉटगन रेंज पर निशाना साधा। सचिव भारतीय रायफल संघ राजीव भाटिया ने बताया कि वर्तमान में राज्य शूटिंग अकादमी में 8 से 22 जनवरी तक रायफल, पिस्टल इण्डिया बी टीम के राष्ट्रीय ट्रॉयल चल रहे हैं।

# ममता को मिली अंतर धार्मिक रैली की सशर्त अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 22 जनवरी की अंतरधार्मिक रैली की अनुमति दे दी, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन होने वाले इस कार्यक्रम को रोकने की मांग की थी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सवाल किया कि यहां ऐसी रैली से उत्तर प्रदेश में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर असर क्यों पड़ेगा।



अदालत ने हालांकि राज्य सरकार को शहर में रैली के दौरान शांति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बनर्जी ने 16 जनवरी को घोषणा की थी कि वह 22 जनवरी को दक्षिण कोलकाता में कालीघाट काली मंदिर से पार्क सर्कस मैदान तक एक अंतरधार्मिक रैली का नेतृत्व करेंगी। रैली मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों से होकर गुजरेगी और वह पार्क सर्कस मैदान में रैली को संबोधित करेंगी।

अधिकारी द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के बाद युगल पीठ ने कार्यक्रम को सशर्त मंजूरी दे दी। भाजपा नेता ने हिंसा की आशंका में रैली को रोकने के लिए अदालत के हस्तक्षेप की मांग की थी ।

उसी अदालत की एक अलग पीठ ने बुधवार को कालीघाट बहुमुखी सेवा समिति को अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण करने और दक्षिण कोलकाता के देशप्राण ससमल पार्क में पूजा और कीर्तन आयोजित करने की भी अनुमति दी।

राज्य सरकार द्वारा अयोध्या कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग पर आपत्ति जताए जाने के बाद न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने समिति द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। भाजपा समर्थित सामाजिक संगठन ने भी अस्थायी मंच बनाकर पूजा, कीर्तन करने और प्रसाद बांटने की अनुमति मांगी थी। न्यायालय ने सुबह नौ बजे से शाम छह बजे के बीच कार्यक्रमों की अनुमति दी है, साथ ही शर्त रखी है कि प्रतिभागियों की संख्या 60 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय युवा मेले में पंजाब ने लोक गीत में दूसरा, लोक नाच में तीसरा स्थान हासिल किया

चंडीगढ़। केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के नासिक शहर में 27वां राष्ट्रीय युवा मेला करवाया गया, जिसमें भारत के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से नौजवानों ने हिस्सा लिया। केन्द्र सरकार द्वारा करवाये गये राष्ट्रीय युवा मेले में पंजाब ने लोक गीत मुकाबले में दूसरा और लोक नाच मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। युवा सेवा मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने विजेता नौजवानों को मुबारकबाद दी है। युवा सेवायें विभाग पंजाब के सहायक निदेशक कुलविन्दर सिंह और रघुबीर सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब के 100 नौजवानों ने अलग-अलग मुकाबलों में हिस्सा लिया। लोक गीत मुकाबले में पंजाब के सिंह ने दूसरा और समूह लोक नृत्य में पंजाब की भांगड़ा टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपए नकद इनाम और तीसरे स्थान पर आई टीम को 75 हज़ार रुपये की इनाम राशि मिली। युवा सेवायें मंत्री मीत हेयर ने गुरुवार को विजेताओं को बधाई देते हुये कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर पंजाब का नाम चमकाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रफुल्लित करने और इसको कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सिख संस्था ने सिंह और कौर उपनाम को लेकर फैसले पर जतायी आपत्ति

श्रीनगर। सर्वदलीय सिख समन्वय समिति (एपीएससीसी) ने सिख उपनाम को लेकर जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के हाल में आये फैसले पर आपत्ति जतायी है। समिति ने फैसले को 'हस्तक्षेप' बताया है। जम्मू - कश्मीर उच्च न्यायालय ने हाल ही में यह स्पष्ट कर दिया कि सिख व्यक्ति के रूप में पहचाने जाने के लिए उपनाम के रूप में ' सिंह' या ' कौर' होना अनिवार्य नहीं है। गुरुद्वारा चुनावों के दौरान दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा सिंह और कौर जैसी उपाधियों के बारे में दिए गए फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एपीएससीसी के अध्यक्ष जगमोहन सिंह रैना ने एक बयान में कहा कि हालांकि यह फैसला मानदंडों के भीतर है। जम्मू-कश्मीर गुरुद्वारा बंदोबस्ती अधिनियम के अनुसार विद्वान न्यायाधीश को ' सिख धर्म का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए था, उन्होंने कहा कि धार्मिक नियमों की अज्ञानता कोई बहाना नहीं है।किसी भी धर्म के मूल अनुयायियों को चुनौती देना, चाहे वह हिंदू धर्म, इस्लाम या सिख धर्म हो, उस विशेष धर्म से संबंधित लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने के बराबर है। वर्तमान मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय को स्वत- संज्ञान लेना चाहिए और बल देना चाहिए संबंधित न्यायाधीश को इस्तीफा देना होगा। रैना ने कहा, देश में हर समुदाय को सम्मान और विश्वसनीयता की जरूरत है।

### उत्तराखंड में आरबीआई कर्मी बन ठगी करने वाला शर्मा हरियाणा से गिरफ्तार

नैनीताल/देहरादून। उत्तराखण्ड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कुमायूं परिक्षेत्र, साइबर थाना की पुलिस ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का फर्जी कर्मी बनकर एक व्यक्ति से ऑनलाइन 35 लाख रूपये की साइबर धोखाधडी के अभियुक्त को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि नैनीताल जनपद के कोतवाली भीमताल में स्थानीय निवासी ने अक्टूबर, 2023 में एक प्रकरण दर्ज कराया था, जिसमें उन्होनें कहा था कि उनके भाई द्वारा फोन कर बताया कि उनका बीमा पॉलिसी का पैसा आरबीआई में फंस गया है तथा प्रत्यक्ष कर-निर्धारण (टीडीएस) की धनराशि जमा करने पर पैसा वापस हो जायेगा। बाद में साइबर अपराधियों द्वारा अलग, अलग बहाने से मुनाफे की बात कहकर पीड़ित से लगभग 35 लाख रूपये की धनराशि धोखाधडी से विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा दी गयी। प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों द्वारा अभियोग को विवेचना एसटीएफ को दी गयी। अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सुमित पाण्डे के नेतृत्व में विवेचना प्रभारी निरीक्षक (साइबर अपराध) ललित मोहन जोशी को सुपुर्द की गई।

### कम्प्यूटर जनित अपराध रोकने के लिए पुलिस प्रभावी वैज्ञानिक तंत्र करे विकसित: मिश्र

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि कम्प्यूटर जनित अपराध रोके जाने के लिए पुलिस कोई ऐसा वैज्ञानिक तंत्र विकसित करना चाहिए जिससे साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम हो सके। मिश्र गुरूवार को यहां राजस्थान इन्टरनेशन सेंटर में राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित पहले साइबर सुरक्षा हैकाथॉन के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साइबर अपराध रोके जाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सकारात्मक उपयोग किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध विश्वभर में आज तेजी से बढ़ रहे हैं। वित्तीय और व्यक्ति की निजी गरिमा के हनन से जुड़े डीप फेक अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए भी व्यवस्थित रूप में निरंतर कार्य हो। उन्होंने पुलिस द्वारा साईबर अपराध होने पर तुरंत हरकत में आते हुए इसके लिए प्रभावी पुलिस तंत्र विकसित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने ओटीपी लेकर बैंक से पैसे हड़पने, नेटबैंकिंग पर सेंध लगाकर खाते से राशि निकालने और ऐसे ही भ्रमित कर और भी बहुत सारी वित्तीय धोखाधड़ियां और निजता हनन करने से जुड़े अपराधों की चर्चा करते हुए इस संबंध में शोध, अनुसंधान और कंप्यूटर आंकड़ों के विश्लेषण की शिक्षा को बढ़ावा देने की भी आवश्यकता जताई।

### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आखिरी छह महीनों में लिए गए निर्णयों की होगी समीक्षा

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार की गुरुवार को यहां पहली कैबिनेट बैठक हुई जिसमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के आखिरी छह महीनों में लिये गए निर्णयों की समीक्षा करने, भाजपा के संकल्प पत्र को नीतिगत दस्तावेज का दर्जा देने, लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल करने एवं आरएएस भर्ती मुख्य परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई राज्य सरकार की पहली मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया को बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी कि बैठक में पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा आखिरी छह माह में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों एवं आचार संहिता लागू रहने के दौरान किए गए फैंसलों की समीक्षा करने के लिए मंत्रियों की एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति इन निर्णयों की समीक्षा कर तीन महीने में अपनी रिर्पोट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी।

### चित्रकूट को विश्व-स्तरीय पहचान दिलाने के लिये बनायें योजना: कैलाश विजयवर्गीय

भोपाल। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि चित्रकूट को विश्व-स्तरीय पहचान दिलाने के लिए योजना बनायें। विजयवर्गीय ने आज मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना जिले में स्थित चित्रकूट को विश्व-स्तरीय पहचान दिलाई जायेगी। इसके लिये उन्होंने अधिकारियों को योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में चित्रकूट का महत्वपूर्ण स्थान है। वहाँ नागरिकों की सुविधा के लिये घाट सौंदर्यीकरण के साथ सफाई की ओर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने मंदाकिनी नदी की सफाई के लिये विशेष अभियान चलाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थानों का चयन कर वहाँ पर्यटन सुविधा बढ़ाने के लिये ठोस प्रयास करने होंगे। इसके लिये राज्य सरकार से पर्याप्त बजट राशि प्राप्त की जायेगी।

## शार्ट न्यूज

### श्री राम मंदिर का मॉडल,श्री राम ध्वजा, पटका, और दीपक का वितरण प्रारंभ किया



नई दिल्ली। दिल्ली की कपड़े की सबसे बड़ी मार्केट क्लॉथ मार्केट फतहपुरी के राम बाजार मंदिर में आलोक कुमार अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने दुकानों पर काम करने वाले 1500 कर्मचारियों को श्री राम मंदिर का मॉडल,श्री राम ध्वजा,पटका,और दीपक का वितरण प्रारंभ किया अध्यक्षता श्री सुरेंद्र गुप्ता महामंत्री विश्व हिंदू परिषद ने की दिल्ली में एकमात्र संस्था हे जिन्होंने पहले सभी 800 व्यापारियों को श्री राम मंदिर दिए और अब सभी कर्मचारियों को यह समान दिया। यह सब काम प्रभु राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जो 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने जा रहा ही उस हेतु हर घर राम,हर मकान ध्वजा,हर दुकान दीपक हेतु किया जा रहा हे 22 तारीख को क्लॉथ मार्केट में दिवाली मनाई जाएगी। हर दुकान पर दिए जलाएंगे मार्केट को बिजली के बल्ब से सजाएंगे, एलईडी से डायरेक्ट लाइव टेलीकास्ट अयोध्या से देखेंगे आरती करेंगे लड्डू 4/4 हर दुकान पर बाटेंगे और भंडारा करेंगे।

### घर में घुसकर महिला से रेप की कोशिश

मोदीनगर। मोदीनगर में थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक गांव निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि देर रात पड़ोसी दीवार फांदकर घर के अंदर आ गया। आरोपी युवक बाथरूम में आकर छिप गया। आरोप है कि देर रात जब महिला अपने कमरे से बाहर निकली तो युवक ने बाथरूम से निकलकर उसे दबोच लिया। युवक ने महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच महिला ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने अपने पति के साथ मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पड़ोसी युवक रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुरादनगर में हिसाली मार्ग स्थित सूर्य विहार कॉलोनी में तेज आवाज में गाना बजाने का विरोध करने पर दबंग दंपति को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### मजदूरों ने साथी को पीट-पीटकर मार डाला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी में मजदूरों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, विवाद बंगाल और सहारनपुर के मजदूरों के बीच हुआ। यह सभी मजदूर दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगे हुए हैं। मजदूरों के काम से वापस आते समय ट्रैक्टर पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। एसीपी लोन सूर्यबली मौर्य ने बताया कि गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस को जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के पंचलोक गांव में मजदूरों के बीच विवाद हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि 6 मजदूरों को गंभीर चोट लगी है। इन सभी को अस्पताल भिजवाया गया जहां एक मजदूर नदीम की मौत हो गई। एसीपी लोन सूर्यबली मौर्य के मुताबिक, यह सभी मजदूर दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगे हैं। बुधवार शाम काम खत्म होने के बाद ट्रैक्टर में बैठने को लेकर बंगाल और सहारनपुर के मजदूरों के बीच विवाद हो गया। जिसमें सहारनपुर के मजदूरों ने बंगाल के मजदूरों को पीट दिया। यह सभी मजदूर थाना क्षेत्र के पंचलोक गांव में रहते हैं।

### विफल रही एसडीएम और वकीलों की वार्ता

मोदीनगर। मोदीनगर तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही वकीलों की हड़ताल गुरुवार को भी को भी जारी रही। एसडीएम ने वकीलों को वार्ता के लिए बुलाया। लेकिन सहमति नहीं बनने पर वकीलों ने हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया। 19 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। एसडीएम ने मांगों पर विचार करने कर आश्वासन दिया है। मोदीनगर तहसील में बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले पिछले 12 दिन से वकील हड़ताल पर हैं। आरोप है कि तहसील में लेखपाल बिना रिश्वत लिये काम करने को तैयार नहीं हैं। हर काम में उन्हें रिश्वत चाहिए। रिश्वत नहीं मिलने पर कार्यवाही को रोके रखते हैं। आरोप है कि लेखपालों को प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए लेखपाल रवैया बदलने को तैयार नहीं है। इसी से गुस्साए वकीलों ने तहसील में सभी कोर्ट का बहिष्कार किया हुआ है। उनके आंदोलन को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया। दोपहर करीब 12 बजे वकीलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एसडीएम ने बैठक की। वकीलों ने अपनी मांगें उनके सामने रखी।

### स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ जारी हो सकता है रेड कॉर्नर नोटिस

ग्रेटर नोएडा। सरिया स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ पुलिस ने रेड कार्नर नोटिस जारी करने के लिए रिपोर्ट भी आलाधिकारियों को भेज दी है। संबंधित विभाग और इंटरपोल की मदद से जल्द रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया जाएगा। इससे पहले आरोपी के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर केस में न्यायालय से गैर जमानती वारंट हो चुके हैं। वहीं, रिमांड पर लिए गए आरोपियों से सात घंटे की पूछताछ में पुलिस को गोवा के रिजॉर्ट और कुछ अन्य संपत्तियों की जानकारी मिली है। पुलिस इनकी पड़ताल कर रही है। नोएडा के सेक्टर-39 में सामूहिक दुष्कर्म और बीटा-2 थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक रवि काना को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। रवि काना गिरोह के खिलाफ कुल 11 केस की जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद से पुलिस ने गिरोह की संपत्ति कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस लगातार फरार नौ आरोपियों का सुराग लगाने व गिरोह की संपत्ति का पता लगाने के प्रयास में जुटी है। बुधवार को रवि काना के चचेरे भाई राजकुमार और आजाद को रिमांड पर पूछताछ की गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इसमें कुछ ऐसे सफेदपोश मददगारों के नाम सामने आए हैं। जो गिरोह की लंबे समय से मदद कर रहे थे।

### संपत्तिकर बकायदारों पर शिकंजा

गाजियाबाद। संपत्तिकर बढ़ाने पर उपजे विवाद के बीच नगर निगम ने बकायेदारों पर तेजी से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले सात दिनों में निगम ने 146 परिसर सील कर दिए हैं। कविनगर और सिटी जोन में सबसे ज्यादा सीलिंग की कार्रवाई हुई है। इन दोनों जोन में ही 76 संपत्तियों को सील किया गया है। नगर निगम की तरफ से तीन हजार बड़े बकायेदारों की सूची तैयार की गई है, जिनसे बकाया वसूली के लिए इस माह बड़े स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों ने दिए हैं। नगर निगम दिसंबर से अब तक 209 संपत्तियां सील कर चुका है। हालाकि, बकाया धनराशि का भुगतान होने के बाद 150 से अधिक परिसरों से सीलिंग हटाई भी जा चुकी है। गाजियाबाद के पांचों जोन में नगर निगम की 4.52 लाख संपत्तियां हैं। एक लाख से अधिक संपत्तिकर बकायेदारों से 313 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। निगम 185 करोड़ रुपये से अधिक बकाया वसूल चुका है। 31 मार्च तक 127 करोड़ रुपये वसूले जाने हैं। निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि 10 से 16 जनवरी तक वसुंधरा जोन के इंदिरापुरम, वैशाली, कौशांबी, साइट-4, माता कॉलानी, सर्वोदयनगर, राहुल विहार और प्रताप विहार में 28 संपत्तियां सील कर 10 लाख रुपये से अधिक बकाया वसूला गया है।

# अमीर-गरीब बच्चों को एक समान मिले शिक्षा : केजरीवाल

## दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में तरह-तरह की सुविधाएं देने की कोशिश कर रहे हैं

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि देश के अंदर अमीर और गरीब सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए।

केजरीवाल ने आज यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड 2023 समारोह में 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 218 बच्चों और स्कूलों को पुरस्कृत करने के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा,देश के हर बच्चे को अगर अच्छी शिक्षा दे दी जाए तो यह बच्चे ही देश को विकसित बना देंगे। दिल्ली में हमने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर यह दिखा दिया है। देश के अंदर अमीर और गरीब सभी



बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। हमारी सरकार ने दिल्ली के अंदर सभी बच्चों को एक जैसी शिक्षा उपलब्ध कराने की उपलब्धि हासिल कर लिया है।

उन्होंने कहा, हमारे स्कूलों और शिक्षा प्रणाली का फर्ज है कि हर बच्चा पूरी तरह से अपनी क्षमता को हासिल कर पाए, उसके लिए वैसा अवसर प्रदान करें। दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में तरह-तरह की सुविधाएं देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि हर बच्चा अपने हुनर को निखार पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर आई शिक्षा क्रांति का श्रेय सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को जाता है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 60-70 हजार शिक्षक काम करते हैं। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में अच्छा माहौल दिया।

आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों के अंदर सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं हैं। शिक्षकों को सम्मान मिलता है। शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम और विदेशों में भेजा जाता है।

उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि अमीर और गरीब के बच्चों एक जैसी शिक्षा मिलनी चाहिए, आज हमने यह उपलब्धि हासिल कर ली है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अमीर-गरीब दोनों के बच्चे पढ़ने जाते हैं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, हम अपने स्कूलों में जो देख रहे हैं, वह सिर्फ आज की तस्वीर नहीं है, बल्कि आने वाले सालों में हमारे देश की क्या तस्वीर होने वाली है, वह दिखाती है। आज हमारे स्कूलों में पढ़ाई का जो माहौल है. बच्चों में जिस एक्सीलेंस को देख रहे है. शिक्षकों के टीचिंग-लर्निंग के तरीकों में जो बदलाव देख रहे हैं, इन सब पर बहुत गर्व होता है।

# मामूली सी बात पर युवक की रस्सी से गला घोंटकर हत्या

नई दिल्ली। निहाल विहार में पीने का पानी नहीं देने पर रूम पार्टनर ने नाबालिग के साथ मिलकर एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव के गले में रस्सी बांधकर उसे छत से लटका दिया।

### हरदोई का रहने वाला है मृतक

मृतक की पहचान यूपी हरदोई निवासी रचित के रूप में हुई। गले पर घोंटने का निशान मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटना के बाद से फरार रचित के रूम पार्टनर यूपी के हरदोई निवासी अभय कांत मिश्रा और उसके नाबालिग परिचित को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पुलिस को मिली खुदकुशी की जानकारी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 जनवरी को लक्ष्मी पार्क इलाके में एक युवक के खुदकुशी करने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव पंखे के रॉड से लटका हुआ है। छानबीन के दौरान छत की लंबाई ज्यादा होने और आस पास कोई टूल वगैरह नहीं होने की वजह से पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसकी जांच की। इस दौरान पुलिस को उसके गर्दन घोटे जाने का निशान मिला।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। मौके पर छानबीन के दौरान मकान मालिक ने बताया कि रचित और उसके दो रूम पार्टनर इलाके में स्थित एक ट्रांसफर्मर बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने पाया कि घटना के बाद से दोनों रूम पार्टनर गायब हैं।

पुलिस ने उसके साथ रहने वाले अभयकांत के मोबाइल पर संपर्क किया। लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद था। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसमें पता चला कि वह हरदोई में मौजूद है।

# हवा में सुधार के चलते ग्रैप-तीन को हटाया गया

दिल्ली। हवा में सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-तीन की पाबंदियों को हटा दिया है। ग्रैप-3 के प्रतिबंध हटने से अब दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर लगी रोक भी हट गई। अब ये वाहन बिना रोक चल सकेंगे। साथ ही निर्माण संबंधी कार्यों में ढील मिलेगी।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के बीच गैर-जरूरी निर्माण के साथ ही बीएस-तीन व चार वाहनों के संचालन से प्रतिबंध हटा दिया है।

ग्रैप चरण तीन में आवश्यक सरकारी परियोजनाओं, खनन और पत्थर तोड़ने को छोड़कर निर्माण और विध्वंस कार्य पर पूर्ण रोक थी। बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध शामिल था।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक बृहस्पतिवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। शुक्रवार को हवाएं पश्चिम से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार हैं। वहीं, सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है।

ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शनिवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। इस दौरान हवा की चाल 4 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। रविवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 4 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की उम्मीद है।

### बाइक सवार ने दादा-पोती को मारी टक्कर, दादा की मौत

**दादरी ।** जीटी रोड से रुपवास बाईपास की तरफ जाने वाले मार्ग के तिराहे पर बुधवार को बाइक सवार ने दादा और पोती को टक्कर मार दी ।हादसे में दोनों घायल हो गए। इलाज के दौरान प्रेम कुंज कॉलोनी निवासी गामा यादव (54) की मौत हो गई, जबकि अंजलि (10) का उपचार चल रहा है। पुलिस ने डेरी स्केनर गांव निवासी आरोपी बाइक सवार सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को गामा अंजलि के साथ बादलपुर से आ रहे थे। दोनों रुपवास गांव की तरफ जाने वाले बाइपास तिराहे के पास खड़े थे, तभी बाइक सवार सुलेमान ने दोनों को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से दोनों घायल हो गए। गामा के सिर में गंभीर चोट आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गामा की मौत हो गई।

# कैलाश गहलोत ने नए बस रूट 711ए का किया शुभारंभ

नयी दिल्ली। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को नए बस रूट 711ए का शुभारंभ किया जो उत्तम नगर टर्मिनल से सराय काले खां तक विभिन्न स्थानों को कवर करते हुए जायेंगी।



गहलोत ने दिल्ली छावनी के ओल्ड नांगल में एक कार्यक्रम में स्थानीय विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान के साथ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नए मार्ग 711ए पर बसें उत्तम नगर टर्मिनल से सराय काले खां तक विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करते हुए जायेंगी। इस बस मार्ग से जनकपुरी, तिलक पुल, जीवन पार्क, डाबरी क्रॉसिंग, जनक सिनेमा, डेसू कॉलोनी, सागरपुर, ओल्ड नंगल और किर्बी प्लेस और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा, सार्वजनिक परिवहन लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाता है।

दिल्ली में लगभग 43 लाख लोग प्रतिदिन बसों में यात्रा करते हैं। इस नए मार्ग की मांग स्थानीय लोगों की ओर से की गई थी। 711ए बस मार्ग की शुरुआत दिल्ली के नागरिकों के लिए सुविधाजनक विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में हम दिल्लीवासियों को सुरक्षित, आरामदायक, विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सभी धर्म के लोगों ने एक साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उद्घोष किया

**नई दिल्ली।** सदर बाज़ार में राम भव्य शोभा यात्रा में सभी धर्म के लोगों ने एक साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उद्घोष किया।

इस धर्म यात्रा का आयोजन कंफरडरेशन आफ सदर बाज़ार ट्रेडस एसोसिएशन (पंजी) के सौजन्य से एशिया की सबसे बड़ी होल सेल मार्केट सदर बाज़ार में आज दिनांक 18-01-24 को किया गया। इस भव्य शोभा यात्रा में जहां घोड़े, ऊँट, हाथी, झांकियाँ व बैंड बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में निकाला गया जिसमें हज़ारों की संख्या में जनता जिसमें हिंदू मुस्लिम सिख इसाई हर धर्म के लोगों ने बड़ चढ कर दिल से हिस्सा लिया व नाचते गाते हुए गले में भगवा पहन जय श्री राम के नारों से पुरानी दिल्ली में एक



अद्भुत नजारा बना दिया जिसे देख लोग बहुत हर्षित महसूस कर रहे थे। भव्य यात्रा के शुभारंभ से लेकर अंत तक ख़ास तौर से मशहूर फ़िल्मी कलाकार 'बिंदु धारा सिंह' जिन्होंने खुद भी कई सीरियल व फ़िल्मों मे राम भक्त भगवान श्री हनुमान का रोल अदा किया है और उनके पिता जिन्होंने सबसे मशहूर सीरियल रामायण में श्री हनुमान जी प्रभु का रोल अदा किया था ऐसी शख्सियत आज की भव्य शोभा यात्रा में पूरे समय शामिल रह कर जो लोग शोभा यात्रा में साथ थे और जो मार्ग के दोनों ओर खड़े थे उन्होंने जय श्री राम के नारों के साथ माहौल को अद्वितीय बना दिया, बिंदु धारा सिंह के साथ कंफरडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडरस के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली के ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर के साथ साथ कोस्टा के तमाम पदाधिकारी जिनमें ख़ास तौर से श्री प्रवीण आनंद, देवराज बवेजा, अजय बजाज, विपिन, अशोक लांमबा व सभी अन्य सदस्य व सदर बाज़ार के दुकानदार शामिल हुए।

ख़ास तौर पर हम कोस्टा की ओर से तहेदिल से शुक्रगुज़ार हैं जनाब जाने आलम साहब, नफ़ीस साहब, क़ादिर भाई व ताहिर भाई जो अपने साथ सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम भाईयो को लेकर आये तथा हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया।

# नोएडा में एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 चालान

### अधिकतर वाहनों की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी

नोएडा। नोएडा में सुबह शाम कोहरा पड़ रहा है। इससे एक्सप्रेस वे पर विजिबिलिटी काफी कम है। सुबह के समय यह विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच जाती है। इसके बाद वाहन चालक ओवर स्पीड कर रहे है। अकेले 17 जनवरी को नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 वाहनों के चालान किए गए। इसमें से अधिकांश की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। जबकि यहां फाग के कारण स्पीड लिमिट 75 किमी प्रतिघंटा और भारी वाहनों के लिए 50 किमी प्रतिघंटा की गई है।

नोएडा में 4 जनवरी से 18 जनवरी तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है। हालांकि लोग मान नहीं रहे है। यही वजह है कि एक दिन में 6623 ई चालान किए गए। इसमें सेक्टर 15 गोलचक्कर, माडल टाउन, किसान चौक, सेक्टर 51, 52 मेट्रो स्टेशन, रजनी गंधा चौक, सेक्टर 37, सूरजपुर, परीचौक, दादरी आदि स्थानों पर कुल 22 वाहनों को सीज किया गया।

इनमें से अधिकांश चालान विपरीत दिशा, फिटनेस समाप्त, दोषपूर्ण नंबर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से संबंधित है। कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत 393 वाहनों के चालान विपरीत दिशा से आने वालों के किए गए।

इसके अलावा 22 चालान फिटनेस समाप्त, 98 चालान दोषपूर्ण नंबर प्लेट व अन्य उल्लंघन मामलों में 6110 चालान किए गए।

# रबूपुरा से बोटैनिकल गार्डन तक चलेंगी छह बसें

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर के नागरिकों को नव वर्ष में एक और तोहफा मिला है। यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग के सहयोग से कस्बा रबूपुरा से बॉटेनिकल गार्डन तक छह बसें चलेंगी, जिनमें से तीन बस रबुपुरा से और 3 बस यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22 ष से चलेंगी। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया विगत काफी लंबे अरसे से क्षेत्रवासियों और शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और जिला न्यायालय और अन्य कार्यालयों पर जाने वाले लोग इस सेवा का इंतज़ार कर रहे थे।

गुरुवार की भोर में बस सेवा का शुभारंभ गलगोटिया यूनिवर्सिटी पर सैकड़ों छात्रों के साथ किया गया। इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बस सेवा गौतमबुद्ध नगर और जेवर क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान है। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा। वे आसानी से नोएडा और दिल्ली तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनका सपना था कि जेवर का विकास हो और वहां के लोगों को सुविधाएं मिलें। उन्होंने यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि वे इस तरह की और भी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस बस सेवा का लाभ लेने वाले छात्रों ने भी जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग का धन्यवाद किया। कहा कि इससे उनकी पढ़ाई में सुधार आएगा और वे अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ सकेंगे।

छात्रों ने कहा कि विधायक जी ने उनके लिए एक प्रेरणा का काम किया है। वे उनकी तरह देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। इस बस सेवा के तहत बसें नोएडा के बोटानिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जाएंगी।

### भैरोमार्ग अंडरपास जल्द यातायात के लिए होगा शुरू

नयी दिल्ली। दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि भैरो मार्ग पर बनाया जा रहा अंडरपास जल्द ही आवाजाही के लिए शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने आज इस अंडरपास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द बचे हुए काम को पूरा कर यातायात के लिए शुरू करने के निर्देश दिए। आतिशी ने कहा, दिल्ली में लोगों को यातायात के लिए बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। भैरो मार्ग अंडरपास भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यहां असाधारण इंजीनियरिंग के साथ हमारी पीडब्ल्यूडी ने एक शानदार अंडरपास तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इससे रोज़ाना सेंट्रल दिल्ली से यमुनापार और नोएडा जाने वाले वाहनों को फ़ायदा मिलेगा और लोगों को यातायात जाम से निजात मिलेगी। अंडरपास यात्रियों के समय और ईंधन दोनों की बचत करेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम

### इसका उद्देश्य बच्चों में फुटबॉल को बढ़ावा देना, पीईटी के 100 शिक्षकों को सौंपे प्रमाण पत्र

नोएडा। स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग एवं स्टेयर्स इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर 91 के सभागार में बाउंस ऑफ जॉय व 100 पीईटी शिक्षकों का एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईटीसी ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग और स्टेयर्स फाउंडेशन के साथ मिलकर एक नई सीएसआर पहल बाउंस ऑफ जॉय लॉन्च की है। इसका उद्देश्य फुटबाल के खेल से जुड़ी नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने सरकारी निकायों और स्टेयर्स फाउंडेशन और जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम के उद्घाटन का चरण एक बेहद सफल ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र के साथ शुरू हुआ,



जिसमें शारीरिक शिक्षा के प्रति समर्पित 100 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। विभिन्न स्कूलों से विशेष रूप से जुड़े इन शिक्षकों ने बच्चों की अनूठी जरूरतों को समझने के लिए गहन प्रशिक्षण लिया।

इसके जरिए उन्हें न केवल फुटबॉल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए बल्कि एक परिपूर्ण व्यक्ति के रूप में तैयार होने में भी सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षा (फिजिकल एजुकेशन) के शिक्षकों को उनके असाधारण योगदान और प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए जिला अधिकारी द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम का समर्थन करते हुए कहा कि बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम खेल के जरिए हमारे युवाओं की क्षमता को उजागर करने के लिहाज से एक सराहनीय पहल है।

आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश राज्य सरकार के साथ हालिया साझेदारी पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, आईटीसी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (बिस्कुट और केक क्लस्टर) अली हैरिस शेरे ने जमीनी स्तर की प्रतिभाओं के पोषण के महत्व पर जोर दिया।

## संपादकीय

# इंडिया गठबंधन की बढ़ती मुश्किलें

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की घोषणा भले अभी दो महीने बाद करेगा, पर देश की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द घूम रही है। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख समूह भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा 'इंडिया' गठबंधन हैं। इन दो प्रमुख समूहों की स्थिति के आकलन से लोकसभा चुनाव की अस्पष्ट ही सही, लेकिन तस्वीर जरूर बन जाती है। भाजपा ने कहा है कि वह 2024 में 50 फीसदी वोट का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है। जबकि, 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराकर समय की धारा को फिर न पहचानने का प्रमाण दिया है। खुद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा निमंत्रण ठुकराने पर दुख भी प्रकट कर दिया है।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।

सत्ता से बाहर होने के बावजूद कांग्रेस, जिसका वास्तविक नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथों में दिखता है, प्रकारांतर से इस नीति को आगे बढ़ा रही है। एक ओर  देश का राममय वातावरण और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तुलना करें, तो दिख जाएगा कि विचार के स्तर पर बिल्कुल दो धाराएं देश में बन चुकी हैं। 'इंडिया' गठबंधन अब तक एक इकाई नहीं बन सका है, जिसका प्रमाण बीती 12 जनवरी को आयोजित इसकी बैठक में भी मिला, जिसमें गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर कोई विभाजन नहीं है।

चुनाव में नेतृत्व का चेहरा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नरेंद्र मोदी के समानांतर विपक्ष में कोई नेता नहीं, जिसे जनता उनके समक्ष या बड़ा मान सके। 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व को लेकर व्यापक मतभेद हैं, क्योंकि अनेक नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वहीं, विपक्ष मोदी, संघ और भाजपा विरोध की नीतियों तक सीमित है। विपक्षी नेताओं ने जिस तरह सनातन और हिंदुत्व से लेकर उत्तर के राज्यों को गोमूत्र की संज्ञा देने तथा उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने संबंधी बयान दिए हैं, उनसे देश के बहुमत में जो नाराजगी पैदा हुई है, उसे संतुलित करने के लिए जितने बड़े मुद्दे और जैसे चेहरे चाहिए, विपक्ष में उनका नितांत अभाव है। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है।

कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में विजय से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 2019 से बेहतर प्रदर्शन करेगी। 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 303 लोकसभा सीटों में तेलंगाना से चार मिली थी, हालांकि तेलंगाना के इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार की तुलना में ज्यादा सीटें मिली हैं। कर्नाटक में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 51.38 फीसदी वोट तथा 25 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस के पास मात्र एक सीट थी।

# हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़

हवाई जहाज से कहीं जाने वाले लोग अब यह मानने लगे हैं कि इसमें भी उन्हें कई तरह की अव्यवस्था और दिक्कतों का सामना कर पड़ सकता है, भले ही वह परिस्थितिजन्य हो।

विमान से अपने गंतव्य तक आवाजाही को एक सबसे सुव्यवस्थित यात्रा के तौर पर देखा जाता रहा है। मगर पिछले कुछ समय से उड़ानों में देरी, विमान में तकनीकी खराबी से लेकर हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ आदि से जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें यह धारणा टूट रही है। हवाई जहाज से कहीं जाने वाले लोग अब यह मानने लगे हैं कि इसमें भी उन्हें कई तरह की अव्यवस्था और दिक्कतों का सामना कर पड़ सकता है, भले ही वह परिस्थितिजन्य हो।

हवाई यात्रा के दौरान किसी यात्री के दुर्व्यवहार या उसकी अराजकता से उपजी स्थिति बहस का मुद्दा बनती है और उसके बाद उस मामले में कानून या नियमों के मुताबिक कार्रवाई भी होती है। मगर विमानों में तकनीकी खराबी, लेटलतीफी और हवाई अड्डों पर अव्यवस्था को एक परिस्थितिजन्य समस्या मान कर उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता है या फिर उसे दुरुस्त करने के आश्वासन पर लोग संतोष कर लेते हैं। जबकि विमान संचालन अपने समग्र रूप में एक बेहद संवेदनशील तंत्र है और इसमें किसी भी पहलू को नजरअंदाज करने या उसके प्रति लापरवाही बरतने का खमियाजा बेहद गंभीर हो सकता है।

पिछले कुछ महीनों के दौरान उड़ान के बाद किसी तकनीकी खराबी का पता चलने पर विमान को आपात स्थिति में किसी हवाई अड्डे पर उतारने की नौबत आई। जबकि विमान में आई तकनीकी खराबी के पहलू पर किसी तरह की कोताही न बरते जाने की उम्मीद की जाती है, क्योंकि इसमें बेहद मामूली लापरवाही के नतीजे का अंदाजा भर लगाया जा सकता है। विमान के भीतर भी कई प्रणाली चूंकि तकनीकी स्तर पर स्वचालित होती है, इसलिए सभी स्तर पर जांच में सब कुछ दुरुस्त पाए जाने के बाद ही उड़ान की इजाजत मिलनी चाहिए।

मंगलवार को मुंबई से बंगलुरु जा रहे एक विमान में जिस तरह शौचालय का दरवाजा बंद हो जाने से एक यात्री भीतर ही फंस गया और अपनी यात्रा का बाकी एक घंटा उसे उसी हालत में काटना पड़ा, वह दिखने में कोई सामान्य तकनीकी खामी लग सकती है। मगर यह समझना मुश्किल नहीं है कि ऐसी हालत में किस तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं। राहत की बात बस यह रही है कि विमान अगले पड़ाव पर उतरा और इंजीनियर की मदद से शौचालय के दरवाजे को खोल कर यात्री को सुरक्षित उतारा गया, उससे माफी मांगी गई, उसका किराया लौटाया गया।

सवाल है कि क्या सिर्फ खेद जाहिर करना और यात्री का किराया लौटा देना ऐसे मामलों का समाधान हो सकता है! कुछ ही दिन पहले उड़ान में व्यवधान या दस-बारह घंटे की देरी की वजह से दिल्ली हवाई अड्डे पर अफरातफरी का माहौल देखा गया। एक घटना में विमान में सवार एक यात्री ने सब्र खोकर चालक दल के सदस्य पर हमला भी कर दिया।

अत्यधिक देरी की वजह से एक विमान के यात्री हवाई पट्टी पर ही उतर कर बैठ गए और खानपान करने लगे। इसके अलावा, उड़ानों के अनुपात में हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ से कई बार रेलवे स्टेशनों की तरह अव्यवस्था और अराजकता तक के हालात पैदा हो रहे हैं। अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने कोहरे या अन्य असामान्य स्थितियों की वजह से उड़ान में व्यवधान और देरी की स्थिति में यात्रियों की असुविधा के मद्देनजर कई नए निर्देश जारी किए हैं।

मगर अव्यवस्था पैदा होने के बाद कदम उठाने के बजाय अचानक उपजी मुश्किल से निपटने की पूर्व तैयारी प्रबंधन का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए, ताकि विमान यात्रा को सहज और सुरक्षित बनाया जा सके। खासतौर पर विमान में किसी भी स्तर पर तकनीकी खामी के मामले में कोई भी समझौता करने या अनदेखी करने की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

# पाकिस्तान पर ईरान का हमला दोहरी नीति पर चलने वालों के लिए बड़ा सबक है

**संतोष पाठक**





ईरान ने भी पाकिस्तान में घुसकर यह साबित कर दिया है कि आतंकवादियों को ढाल बनाकर लड़ने वाली पाकिस्तानी सेना कितनी कमजोर है और अब फैसला पाकिस्तान की अवाम को करना होगा कि आखिर वह आतंकवाद को पनाह देने के मामले में कब तक चुप रहेगी ?

अपने देश में आतंकी घटनाओं से परेशान ईरान ने भी आखिरकार बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान में घुसकर आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकानों पर जोरदारी बमबारी की है। बताया जा रहा है कि ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले में बलोच आतंकी संगठन जैश अल अदल के दो प्रमुख मुख्यालय तबाह हो गए हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त पर हुए इस ईरानी हमले से पहले का घटनाक्रम भी काफी दिलचस्प है। पाकिस्तान में घुस कर आतंकी संगठन पर हमला करने से कुछ देर पहले ही दावोस में ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर से मुलाकात की थी। इससे भी दिलचस्प तथ्य तो यह है कि ईरानी विदेश मंत्री से विदेशी धरती पर मुलाकात करने वाले पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर अतीत में बलूचिस्तान की सरकार के प्रवक्ता रह चुके हैं, बाद में उन्होंने बलूचिस्तान अवामी पार्टी के नाम से अपना खुद का राजनीतिक दल भी बनाया और वह बलूचिस्तान में सैन्य कार्रवाइयों का समर्थन करते रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम से यह भी अंदाजा हो जाता है कि दुनिया धीरे-धीरे पाकिस्तान के नेताओं की असली हैसियत को समझने लगी है कि पाकिस्तान में नेताओं की कोई हैसियत नहीं है, चाहे वो किसी भी पद पर बैठे हो। यहां तक कि शांति और अमन-चैन की बात करने वाली पाकिस्तान की सिविल सोसायटी भी अब धीरे/धीरे बेनकाब होती जा रही है।

आखिर यह खेल कब तक चल सकता है कि जिस पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आतंकवादियों को पनाह देकर, उन्हें पाल पोस कर दुनियाभर के देशों के बेगुनाह नागरिकों को मरवायें और वहां के राजनीतिक हुक्मरान और सिविल सोसायटी के लोग शांति और अमन-चैन का राग अलापते रहे। पाकिस्तान की यह दोहरी नीति अब बेनकाब होती जा रही है।

### और मिसाइलों का किंग है ईरान, समुद्र, जमीन और आसमान पर कौन कितना ताकतवर

पाकिस्तान को हथियार, सैन्य साजो-सामान और अरबों डॉलर की मदद देकर पाकिस्तान को दुनियाभर में आतंक फैलाने का ट्रेनिंग सेंटर बनाने वाला अमेरिका तो बहुत पहले से ही पाकिस्तान की दोहरी फितरत को समझता था इसलिए उसने बातचीत और शांति के झांसे में आए बिना पाकिस्तान के ऐबटाबाद में हमला बोलकर आतंकी संगठन अल कायदा के प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मार गिराया। पाकिस्तान की सेना, सरकार और वहां की सिविल सोसायटी इस अमेरिकी हमले पर बिलबिलाकर रह गई लेकिन कुछ कर नहीं पाई क्योंकि अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए पाकिस्तान के लोगों की असलियत जानती है। भारत में भी पिछली कई सरकारें कभी जानबूझकर तो कभी अनजाने में पाकिस्तान के इस ट्रैप में फंसती रही थी। भारत एक तरफ जहां पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों के हमले को झेल रहा था तो वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान में शांति का राग अलापने वाली तथाकथित सिविल सोसायटी और नेताओं के झांसे में फंसकर शांति की बातचीत भी कर लिया करता था और भारत में जब भी कोई बड़ा आतंकी हमला होता था तो ये पल्ला झाड़ते हुए सांत्वना देते थे कि बातचीत से ही आतंकवाद का समाधान हो सकता है। लेकिन नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के इस दोहरे चरित्र को अच्छे से समझते थे इसलिए 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पाकिस्तान के झांसे में आना बंद कर दिया। वर्ष 2016 में हुए उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के बातचीत के झांसे में आए बिना 10 दिन के अंदर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अपनी सेना भेजकर, सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी संगठन और पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। लेकिन अपनी आदत से लाचार पाकिस्तान ने जब 2019 में फिर से पुलवामा में आतंकी हमला करवाया तो भारत ने फिर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकाने पर एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया को यह बता दिया कि अब भारत जवाब देगा,घर में घुसकर मारेगा और उस दिन के बाद से अब तक भारत में कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरानी हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए यह साफ तौर पर कहा कि, ये ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है। जहां तक भारत का सवाल है,आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। हम इस बात को समझते हैं कि कई देश आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हैं।

अमेरिका और भारत के बाद अब ईरान ने भी पाकिस्तान में घुसकर यह साबित कर दिया है कि आतंकवादियों को ढाल बनाकर लड़ने वाली पाकिस्तानी सेना कितनी कमजोर है और अब फैसला पाकिस्तान की अवाम को, वहां की सिविल सोसायटी को और राजनीतिक दलों के नेताओं को करना ही होगा कि आखिर वह आतंकवाद को पनाह देने के मामले में कब तक चुप रहेंगे ? इन तमाम लोगों को अब दुनियाभर को शांति और अमन-चैन का झूठा पैगाम देने की बजाय अपनी सेना को न केवल यह पैगाम देना होगा बल्कि उन्हें मानने पर भी मजबूर करना पड़ेगा नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया पाकिस्तान को आतंकिस्तान का आधिकारिक नाम दे देगी और आतंकी घटना का सामना करने वाला हर देश पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मारता रहेगा।

# निरंतर परिश्रम,संयम और महत्वाकांक्षा सफल व्यक्ति के सच्चे मित्र

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है।

## उम्र का यह दौर चौथा, और साथी बढ रहा हूँ

उम्र का यह दौर चौथा, और साथी बढ रहा हूँ,  
साथ है जब तुम्हारा, मुश्किलों से लड रहा हूँ।  
साथ छोडें संगी साथी, या कि बच्चे छोड दें,  
आँधियों में दीप जलता, हौसले से अड रहा हूँ।

गुजरे हुये दौर की वो सुनहरी यादें,  
कर्तव्य पथ पर जो धूमिल पड़ी हैं,  
नीड़ में रह गये जब दोनों अकेले,  
याद फिर से आयी कहानी बनी हैं।

प्रीत गर समर्पण बनेगी, जीवन भर संग चलेगी,  
स्वार्थ का अहसास गर, प्रीत बोझ बनने लगेगी।  
रिश्ते नाते आजकल सब, अर्थ की नींव पर खडे,  
अहंकार आधार हो तो, नींव कच्ची दरकने लगेगी।

उड़ गये नीड़ से बच्चे, जब बड़े हो गये,  
माँ बाप तन्हा, बच्चों की राह जोहने लगे।  
ख़ास मौका ज़िंदगी का, कोई आया नही,  
बैठकर दोनों ही संग, ख़ुशियाँ संजोने लगे।

उम्र को मोहब्बत से मत जोडिये,  
हिना सा सूख कर निखरता है।  
इश्क कब किसी के रोके रूका,  
जवानी याद कर जवां होता है।

**डॉ कीर्ति वर्द्धन**  
**53 महालक्ष्मी एनक्लेव**  
**मुज़फ़्फ़रनगर 251001 उत्तर प्रदेश 8265821800**

# कुर्अतुल ऐन हैदर का भारत



**अशोक मधुप**

कुर्अतुल ऐन हैदर उर्फ एनी आपा पूरी दुनिया घूमीं पर मन भारत में ही रमा।आग का दरिया' उनका सबसे चर्चित उपन्यास है। इसे आजादी के बाद लिखा जाने वाला सबसे बड़ा उपन्यास माना गया था। आग का दरिया एक ऐतिहासिक उपन्यास है। यह चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल से लेकर 1947 के बंटवारे तक भारत और पाकिस्तान की कहानी सुनाता है।उपन्यास के तीनों युग के पात्र गौतम और चंपा की एक ही इच्छा है काशी पंहुचना। उनकी एक ही तमन्ना है कि काशी उनके सपनों का  नगर बने। आनन्द  नगर बने।काश कुर्अतुल ऐन हैदर  या उनके उपन्यास के  पात्र गौतम और चंपा  आज  जिंदा होते, वे आज काशी जाते  तो देखते प्रदेश और केंद्र सरकार  ने इस नगर को आज उनके सपनों का नगर बना दिया।

आज 20 जनवरी कुर्अतुल ऐन हैदर (एनी आपा) का जन्मदिन है। उन्होंने उर्दू और अंग्रेजी में लिखा। किंतु इससे पहले उन्होंने वेद, भाष्य, भारतीय दर्शन को पढ़ा ही नही गुना भी। उसे ही उन्होंने अपनी रचनाओं में जगह दी। उनके विश्व प्रसिद्ध उपन्यास आग के दरिया में तो पूरा भारत का जीवन दर्शन है। इसमें उन्होंने भारत की तीन हजार साल की तहजीब, रहन-सहन, कला, संस्कृति और दर्शन को उतारा।

आग का दरिया' उनका सबसे चर्चित उपन्यास है। इसे आजादी के बाद लिखा जाने वाला सबसे बड़ा उपन्यास माना गया था। आग का दरिया एक ऐतिहासिक उपन्यास है। यह चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल से लेकर 1947 के बंटवारे तक भारत और पाकिस्तान की कहानी सुनाता है।

पुस्तक के अनुवादक नंद किशोर विक्रम कहते हैं कि आग का दरिया की कहानी बौद्ध धर्म के उत्थान और ब्राह्मणत्व पतन से शुरू होती है। ये तीन काल में विभाजित है, किंतु इसके पात्र गौतम, चंपा, हरिशंकर और निर्मला तीनों काल में मौजूद रहते हैं कहानी बौद्धमत और ब्राह्मणत्व के टकराव से शुरू, कांग्रेस और मुस्लिम लीग के टकराव तक पंहुचती है। उपन्यास देश के विभाजन की त्रासदी पर समाप्त होता है। तीनों युग के पात्र गौतम और चंपा की एक ही इच्छा है काशी पंहुचना। उपन्यास के कुछ दृश्य - लो चम्पावती तुमने उस दिन कहा था- तुम अपनी तलवार उतार फेंको ,तो तुम मुझे अपने साथ काशी ले चलोगी और मैं काशी पंहुच गया हूं। तुम कहां हो.. यहां तलवार की बात कहां थीं मैं वापिस बनारस जा रही हूं। -- जानते हो मेरे पुरखों के शहर का क्या नाम है।..

शिवपुरी हां, आनन्द नगर। वह भी सचमुच एक न एक दिन आनन्द नगर बनेगा, मेरे सपनों का शहर। देश के सारे शहरों की तरह। इस देश को दुख या आनन्द का नगर बनाना मेरे हाथ में हैं। यह उपन्यास कुर्तुल एन हैदर ने 1959 में लिखकर पूरा किया। काश वो आज जिंदा होता जो कहतीं बनारस मेरे सपनों का नगर बन गया।

वह कहती हैं कि जब वह बनारस में पढ़ती थी तो कभी दो कौमों के सिद्धांत पर गौर नही किया। काशी की गलियां, शिवालय और घाट मेरे भी इतने ही थे, जितने मेरी दोस्त लीना भार्गव के। फिर क्या हुआ कि जब मैं बड़ी हुई तो मुझे पता चला कि इन शिवालयों पर मेरा कोई हक नहीं, क्योंकि मैं माथे पर बिंदी नही लगाती।

- श्रृष्टि के बाहर कोई ईश्वर नही है और ईश्वर के बाहर कोई श्रृष्टि नही है। सत्य और असत्य में कोई अंतर नहीं, लेकिन इनके ऊपर परम शून्य एक सत्य है।... मुझे इस सन्नाटे से डर लगता है। शून्य सन्नाटा, शून्यता, जो अंतिम सत्य है, जो शून्य की परिक्लना है।

पिछले तीन सौ साल में इस भक्ति मार्ग का एक खूबसूरत काफिला चल रहा था। इस काफिले में अजमेर के मोइनुद्दीन चिश्ती, एटा के अमीर खुसरों, दिल्ली के निजामुद्दीन, गुजरात के नरसिंह मेहता, वीर भूमि के चंडीदास, बिहार की मिथिलापुरी के विद्यादास, महाराष्ट्र के दर्जी नामदेव, प्रयाग के रामानन्द, दक्षिण के माधव और बल्लभ। बादशाहों, छत्रपति राजाओं के दरबारों और सेनापतियों की दुनिया से निकल कर कमाल ने देखा कि एक अलग दुनिया भी है। इसमें मजदूर, नाई, कामगार और कारीगर आबाद हैं। यहां पर गुदड़ीवालों, सूफी और संतों का शासन था।.. यहां प्रेम का राज था।

गंगा के किनारे-किनारे आम के बाग में छिपी खानाकहों में-- निर्वाण और फना की खोज में उसने योगियों और सूफियों को मराकबे (चिंतन) और समाधियों में खोए देखा।

..बगदाद का अबुल समद कमालुद्दीन पचास वर्ष इराक से भारत आया था, कोई दूसरा इंसान था। कोई भिन्न व्यक्ति था, जो बालों की लट और दाढ़ी बढ़ाए हाथ में इकतारा लिए वैष्णव गीत अलाप रहा था।

..और ये अवध के वासी हैं जो न कभी दुखी होते हैं, न दूसरों को दुखी करते हैं, जो हजारों सालों से घाघरा और गोमती के किनारे रहते आए हैं। रामचंद्र के समय में भी यहीं लोग थे, शुजाउद्दीन के समय में भी ये ही लोग जिंदा थे,ये किसान और जोगी, नागा गुसांई धूनी रमाए बैठा था।

लेखिका हिंदुत्व की प्रशंसा करती हैं कहती हैं कि यहां हजारों देवी-देवता हैं। आप चाहे जिसे मानो या न मानो। किंतु इस्लाम में ऐसा नहीं है, वहां आपके लिए कोई आजादी नही दी गई है।

..विभाजन पर चंपा कहती है- कमाल। यहां से मुसलमानों के नहीं जाना चाहिए था। क्यों नहीं देखते कि ये तुम्हारा अपना वतन है।

इस उपन्यास की खास बात यह है कि पांच सौ से ज्यादा पेज होने पर भी आदमी एक पढ़ना शुरू करता है, तो पूरा करके ही उठता है। और फिर वह भारतीय वेद, दर्शन, कला संस्कृति के बारे में सोचता रहता है।

कुर्अतुल ऐन हैदर का जन्म 20 जनवरी 1927 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। नहटौर के रहने वाले उनके पिता सज्जाद हैदर यलदरम कुर्अतुल ऐन हैदर के जन्म के समय अलीगढ़ विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार थे। पिता सज्जाद हैदर यलदरम खुद उर्दू के अच्छे लेखक थे। कुर्अतुल ऐन की मां नज़र ज़हरा भी उर्दू की लेखिका थी। कुर्अतुल ऐन हैदर को लिखने का शौक और कला अपने परिवार से ही मिली। उन्होंने छह साल की उम्र से से लिखना शुरू किया। उनकी पहली कहानी 'बी चुहिया' बच्चों की पत्रिका फूल में छपी। 17-18 साल की उम्र में 1945 में उनका पहला कहानी संकलन 'शीशे का घर' छपा। बचपन में वह कहानियां लिखती थी फिर उपन्यास, लघु उपन्यास, सफरनामें लिखने लगी। कुर्तुल एन हैदर ने लिखा। पूरी उम्र लिखा। जमकर लिखा। निधन की तारीख 21 अगस्त 2007 तक वे लगातार लिखाती रहीं। कुर्अतुल ऐन की प्रारंभिक शिक्षा लालबाग, लखनऊ से हुई। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ कॉलेज से भी अपनी शिक्षा हासिल की। पिता की मौत और देश के बंटवारे के बाद कुछ समय के लिए वह अपने भाई मुस्तफा के साथ पाकिस्तान चली गई। पाकिस्तान से आगे की पढ़ाई के लिए वे लंदन चली गई। साहित्य लिखने के अलावा वहां उन्होंने अंग्रेजी में पत्रकारिता भी की। उन्होंने बीबीसी लंदन में काम किया।

1956 में जब वे भारत भ्रमण पर आईं तो उनके वालिद के गहरे दोस्त, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने उनसे पूछा कि क्या वे भारत आना चाहतीं हैं ? कुर्तुल ऐन हैदर के हामी भरने पर उन्होंने कोशिश की और उन्हें वे कामयाब हो गए।वे हिंदुस्तान आ गईं। विज़िटिंग प्रोफेसर के रूप में कैलिफोर्निया, शिकागो और एरीज़ोना विश्वविद्यालय से भी जुड़ी रहीं। काम के सिलसिले में उन्होंने खूब घूमना-फिरना किया। कुर्अतुल ऐन हैदर उर्दू में लिखती और अंग्रेज़ी में पत्रकारिता करती।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 19 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सीओ कार्यालय पर लेखपालों का धरना

संभल। संभल पुलिस द्वारा लेखपाल और कानूनगो की गिरफ्तारी के विरोध में लेखपाल संघ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए को कार्यालय के बाहर धरना दिया। लेखपालों ने कहा कि निलंबित लेखपाल एवं सेवानिर्वत क़ानूनगो की गिरफ्तारी नियम विरुद्ध की गई है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ से जुड़े लेखपालों एवं कानूनगो ने जनपद संभल की सदर कोतवाली संभल क्षेत्र के सीओ संभल कार्यालय के बाहर पुलिस द्वारा निलंबित लेखपाल राकेश कुमार एवं सेवानिवृत्ति राजस्व निरीक्षक भारत सिंह की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए इस नियम विरुद्ध बताया, गांव लखनपुर तहसील संभल की घाटा संख्या 243 अ एवं 243 व जो विरासत के आदेश बुड़बक गलत दर्ज हो गया था उसका भूल सुधार लेखपाल आज्ञा अनुसार न्यायालय नायब तहसीलदार भूड़ आदेश 28 अगस्त 2023 को निरस्त करते हुए खातेदार गंगाराम पुत्र डोरिया का नाम यथावत रखते हुए विक्रय की गई भूमि के नामांतरण को नायक तहसीलदार संभल के आदेश के अंतर्गत निरस्त किया जा चुका है, वर्तमान में गंगा राम पुत्र डोरिया का नाम दर्ज है।

### मेरठ में किसानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

मेरठ। प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की हैं। जबकि किसान 40 से 60 रुपए बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे। गन्ना मूल्य कम बढ़ने पर किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासन अधिकारी को सौंपा हैं। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) दल से बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य 40 से 60 रुपए बढ़ाने का आश्वासन दिया था। लेकिन प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद गंदा मूल्य 20 प्रति क्विंटल बढ़ाया गया। जो किसानों के साथ छल किया गया। प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करती है, लेकिन अभी भी कई गन्ना मिले ऐसी है। जहां गन्ने की पेमेंट नहीं की गई। जिस वजह से किसानों को बाहर से कर्ज लेना पड़ रहा हैं, और किसान कर्ज में हो रहा हैं। किसानों ने बताया कि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते हुए बड़े आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

### कानपुर में पूर्व पार्षद के बेटे ने किया रेप

कानपुर। कानपुर के अनवरगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के पूर्व पार्षद के बेटे पर शारीरिक एवं मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप था कि वह निकाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर रहा था। थाने में महिला की सुनवाई न होने पर गुरुवार को महिला ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि अब आरोपी ने निकाह करने से इंकार कर दिया है। इसके शिकायत लेकर जब अनवरगंज थाने गए तो पुलिस ने कार्रवाई करने की वजह आरोपी को बता दिया की मैं उसकी शिकायत लेकर थाने आई हूं। इस पर आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि पुलिस में कोई कार्रवाही की तो बेटे को अगवा कर लेंगे। महिला ने बताया कि जब थाने स्तर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो गुरुवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि महिला ने तहरीर दी है। इसकी जांच करा कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महिला ने बताया कि वह पूर्व पार्षद के बेटे के साथ 2016 रिलेशनशिप में हैं।

### झांसी में जुए में पैसा हारे तो कर ली चोरी

झांसी। झांसी में 5 दिन पहले रिटायर्ड हेल्थ इंस्पेक्टर के घर में हुई चोरी का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया है। यह चोरी 3 दोस्तों ने मिलकर की थी। दरअसल, वे जुआ में पैसा हार गए थे। इसलिए रैकी करके ढाई लाख की डायमंड रिंग समेत 10 लाख रुपए के गहने और डेढ़ लाख रुपए कैश चुराकर ले गए थे। आज वे गहने बेचने के लिए दतिया जा रहे थे। उससे पहले ही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनो को गिरफ्तार कर लिया। उनसे चोरी के सभी गहने, 41 हजार रुपए कैश, तीन तमंचे, 6 कारतूस बरामद हुए हैं। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाहर दतिया गेट स्थित शारदा का बगीचा निवासी विनोद कुमार गुप्ता के घर में 13 जनवरी को चोरी हुई थी। वह पूरे परिवार के साथ अपनी ससुराल गए थे। जब कोरियर वाला डिलेवरी देने आया तो घर के ताले टूटे हुए थे। उसके फोन करने पर विनोद घर पहुंचे तो चोरी का पता चला था। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे देखे तो चोर नजर आ गए। इसके आधार पर चोरों की पहचान हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। आज सूचना मिली कि चोर गहने बेचने दतिया जा रहे हैं।

### चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक में चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने देर रात में बैंक का ताला तोड़कर गेट खोला था और अंदर जाकर कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी कर लिया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद बैंक प्रबंधन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था और पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसएसपी ने सीओ इगलास डॉ कृष्ण गोपाल की देखरेख में स्वॉट टीम और थाना टीम का गठन किया था, जो आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। इगलास थाना क्षेत्र के कस्बा इगलास में 15 जनवरी की रात को आरोपियों ने एचडीएफसीबैंक में चोरी की थी। आरोपियों ने गैस कटर की सहायता से गेट का ताला काट दिया था और अंदर प्रवेश किया था। इसके बाद आरोपियों ने बैंक में चोरी की थी और कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी करके ले गए थे। घटना के बाद से पुलिस इगलास थाना, टप्पल थाना, स्वॉट और सर्विलास की टीम इसमें जुट गई थी।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव में विवाहिता का छत में लगे चुल्ले के सहारे फांसी पर लटका हुआ शव बरामद हुआ है। इसम मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव निवासी राकू गौड़ की पत्नी शकुंतला (25) अपने पति से बाजार जाने के लिए कही। पति ने ठण्ड में बाजार लिवा जाने से मना कर दिया और कहा कि जो तुम्हें चाहिए वह लेता आऊगा। पत्नी द्वारा बर्गर और चाउमिन लाने की बात कही गयी। पति बाजार से शाम बर्गर और चाऊमिन लेकर घर आया और पत्नी को देकर 800 मीटर दूर अपने दूसरे घर चला गया। जहां पर माता पिता व अन्य परिवार के लोग रहते थे। वहां से अपने डेढ़ वर्ष के बच्चे को लेकर जब वापस आया तो अंदर से दरवाजा बंद देख वह चिल्लाने लगा और आसपास के लोगों को बुलाया। आस-पास के लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गये तो शकुन्तला को फांसी पर लटका पाया। आनन-फानन में एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दबंगों ने किशोरी को पीटा, आंख फोड़ी

मेरठ। मेरठ के लोहियानगर में एक फल बेचने वाले को बाइक दबंगों ने पीट दिया। पिता को पिटता देख जब बेटी वहां उसे बचाने आई तो दबंगों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर दबंगों ने पिता और बेटी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जिसमें किशोरी की एक आंख फूट गई। घटना सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां किशोरी की हालत दगंभीर बनी हुई है। मामला लोहिया नगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव का है। जहां की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति ठेला लगाकर फल बेचने का काम करता है। बताया की पड़ोस का ही रहने वाला एक दबंग तेज रफ्तार से बाइक लेकर आ रहा था और जानबूझकर उसने फल के ठेले में बाइक से टक्कर मार दी। महिला का आरोप है कि जब महिला के पति ने आरोपी दबंग का विरोध किया तो दबंग ने उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी योगी सरकार

## अयोध्या में श्रद्धालुओं की मदद के लिए ई कार्ट चलाए जाने की बन रही योजना



अयोध्या। 22 जनवरी को नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है।

### कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह ई कार्ट जन्मभूमि पथ तक ले जाएगी, यहां से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी, जो बिल्कुल निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकें, इसके लिए यह व्यवस्था शुरू करने की योजना है। इसके लिए हमने उन कॉर्पोरेट हाउसेस को यहां ई कार्ट या गोल्फ कार्ट सेवा प्रदान करने के लिए कंट्रीब्यूशन हेतु प्रस्ताव भेजा है। ये ऐसे कॉर्पोरेट हाउसेस हैं जो पहले भी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में सेवा कार्य करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं। इनकी सहमति मिलने के बाद इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

### पहले चरण में आएंगी 650 ई कार्ट्स

अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

# दारा सिंह चौहान ने दाखिल किया नामंकन

## 30 जनवरी को होगा उत्तर प्रदेश विधान परिषद का उपचुनाव



एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

गौरतलब हो कि डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई विधान परिषद की सीट पर पहले मतदान 29 जनवरी को होना था।

लेकिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को संशोधित चुनाव कार्यक्रम जारी किया था।

अब 30 जनवरी को उपचुनाव होगा। वहीं नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी। डॉ. शर्मा की एमएलसी सीट का कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक है।

# बुलंदशहर में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के ककोड़ क्षेत्र में पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अपराध राकेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि 17/18 जनवरी की रात पुलिस एक सूचना के आधार पर कस्बे की ऐरोसिटी कॉलोनी के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रही थी कि बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। रूकने का इशारा करने पर वह बाइक को तेजी से भगाने लगा। बदमाश का पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल ऐरोसिटी के पास अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। खुद को पुलिस से घिरता देख उसने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान फरमान निवासी फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर,बुलन्दशहर के रुप में हुई है।

उसके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी करने वाले उपकरण, नकदी व बाइक बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का चोर हैं। अभियुक्त फरमान के विरूद्ध थाना ककोड़ पर धारा 379/411 धारा 379/411 धारा 398/401 के तीन मुकदमे पंजीकृत है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से किसान की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के हरगांव क्षेत्र में बुधवार रात घने कोहरे के बीच नदी में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से गई एक किसान की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरगांव माहोली मार्ग पर सड़वापुर खामोला मार्ग पर यह हादसा समय हुआ जब देशराज यादव (40) एवं रविंद्र कुमार (25) गन्ना लेकर मिल आ रहे थे कि ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।यह दोनों लोग गन्ने के नीचे दब गए। राहगीरों ने पास के गांव में सूचना दी। गांव वालों ने पुलिस को सूचना देकर गन्ने को हटाया और गंभीर रूप से घायल देशराज एवं रविंद्र को हरगांव अस्पताल भेजा जहां देशराज को मृत घोषित कर दिया गया।

# चंदौली में पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार



चंदौली। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में दहशत का पर्याय बने बावरिया गिरोह के आठ सदस्यों को पुलिस ने गुरुवार सुबह दो अलग अलग मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलसुबह सकलडीहा, सैयदराजा एवं चंदौली पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ की घटना को अंजाम दिया, बाद में अलीनगर पुलिस ने घेराबंदी कर बावरिया गिरोह के सदस्यों को धर दबोचा। इस दौरान बावरिया गिरोह के शातिर सदस्यों ने भी पुलिस फोर्स को टारगेट किया, दोनों तरफ से जमकर गोलियां चली। पुलिस की फायरिंग से बावरिया गिरोह के कुल आठ सदस्यों घायल हुए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस हाफ इनकाउंटर में बावरिया गिरोह के कुछ सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गौरतलब है कि इस गिरोह ने सबसे पहले सकलडीहा कोतवाली के चतुर्भुजपुर स्थित एक आभूषण की दुकान को निशाना बनाया था, फिर दस जनवरी को अलीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचफेड़वा स्थित आवासीय दुकान में लूट की घटना को अंजाम देने के दौरान पिता पुत्र पर जानलेवा हमला कर जिले में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। सकलडीहा क्षेत्र में बदमाशों से मुठभेड़ की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी विनय कुमार सिंह, सीओ सकलडीहा रघुराज, सीओ सदर राजेश कुमार राय मयफोर्स पहुंच गए। सर्वप्रथम भोजापुर रेलवे क्रॉसिंग से सकलडीहा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर देशी शराब की दुकान के समीप स्थित बगीचे में बावरिया गिरोह की मौजूदगी की भनक सकलडीहा पुलिस को लगी।

# यूपी के 21 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

## 9 शहरों में सीवियर कोल्ड-डे की चेतावनी; मुजफ्फरनगर सबसे सर्द शहर रहा; 14 फरवरी तक पड़ेगी ठंड



कानपुर। यूपी में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, मगर गलन ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। इस सीजन में पहली बार ऐसा हुआ कि 17 जिले सीवियर कोल्ड-डे की चपेट में रहे, जबकि 3 जिले कोल्ड-डे रहा। अभी इससे राहत भी मिलने वाली नहीं है।

क्योंकि मौसम विभाग ने आज भी 9 जिलों में सीवियर कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही 21 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। सुबह से झांसी और लखीमपुर में घना कोहरा छाया हुआ है। दोनों ही जिलों में 50 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई है।

वहीं, बरेली में 200 मीटर, गोरखपुर में 500 मीटर विजिबिलिटी है। बुधवार की बात करें तो मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के चलते वाराणसी में 12 तक के स्कूल 19 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं।

### अयोध्या का हर 3 घंटे में जारी होगा मौसम अपडेट

22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त अयोध्या का पारा 19 से 22 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने ऐसा पूर्वानुमान जारी किया है। सुबह साढ़े 11 बजे तापमान 19 डिग्री और दोपहर ढाई बजे यह 22 डिग्री तक संभव है। अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और नई दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान हर 3 घंटे में जारी होगा। इसमें अयोध्या से सटी 6 तहसीलों को शामिल किया गया है।

### अयोध्या में 6 डिग्री तक पहुंच गया

अयोध्या में कड़ाके की ठंड जारी है। सुबह का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गलन भरी ठंड से लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। आचार्य नरेंद्र कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

### फिर पड़ेगी कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग का कहना है कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर आज और रहेगा। कल से इसका प्रभाव खत्म होते ही उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं फिर से आना शुरू हो जाएंगी। इसके बाद फिर से कड़ाके के ठंड की शुरुआत होगी और पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

बादलों की आवाजाही से रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, मगर सर्द हवाओं के चलते धूप भी बेअसर साबित हो रही है और दिन के तापमान में कमी हो रही है। ये स्थिति अब पूरे जनवरी तक बनी रहेगी। 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन-डे तक ऐसी ठंड इस बार बनी रह सकती है।

# छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को 5 साल की जेल

एजेंसी

झांसी। झांसी में छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों संतू कुशवाहा और राजकुमार कुशवाहा को पॉक्सो कोर्ट ने 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

दोनों पर 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नहीं देने पर उनको दो माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

यह फैसला गुरुवार को विशेष न्यायाधीश अंजना ने सुनाया है। आरोपी संतू कुशवाहा पुत्र पतीराम और राजकुमार पुत्र किशोरी कुशवाहा बुरुआसागर के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले हैं।

विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार खरे ने बताया कि पीड़िता की उम्र 17 साल थी। उसके पिता ने बरुआसागर थाने में 2017 में केस दर्ज कराया था। पुलिस को तहरीर दी थी कि बेटी घर में सो रही थी। पड़ोस के संतू कुशवाहा और राजकुमार दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आए। बेटी को डरा धमकाकर जबरदस्ती पास में ही खाली पड़ी झोपड़ी में ले गए और छेड़छाड़ करने लगे।

इस दौरान परिवार के लोग जाग गए। लड़की को घर न पाकर तलाश शुरू की। तभी उसके चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। तब परिजन झोपड़ी के पास पहुंचे। परिजनों को आते देख दोनों आरोपी पीड़िता के सिर में पत्थर मारकर भाग गए थे।

परिजनों ने घायल लड़की को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में दोनों के खिलाफ 13 जुलाई 2017 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए गए। सुनवाई के बाद आज दोनों को सजा सुनाई गई।

# गोरखपुर में 20-जनवरी तक बंद रहेंगे 8वीं तक के स्कूल

**9वीं से 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगे, मौसम संबंधी एहतियात बरतना होगा**

गोरखपुर। गोरखपुर में बढ़ती ठंड के चलते स्कूलों की छुट्टियां एक बार फिर बढ़ाई गई हैं। क्लास 1 से 8 तक के जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, सेल्फ फाइनेंस और प्राइवेट स्कूलों को 19 और 20 जनवरी को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। जबकि क्लास 9 से 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। हालांकि, 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तक यह छुट्टी बढ़ने की संभावना है, लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा होना अभी बाकी है। गोरखपुर में बीते हफ्ते से ही ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इससे पहले भी 3 बार आदेश जारी कर छ्रूने स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए थे। वहीं सभी स्कूलों को मौसम संबंधी एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि आदेश का पालन कड़ाई के साथ होना चाहिए। जो स्कूल कोताही बरतेंगे वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि ठंड की स्थिति के अनुसार आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### कमरे का तापमान नियंत्रित रखना होगा

क्लास 9 से 12वीं तक के स्कूलों को सुबह में 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्कूल में बच्चों को कमरे के अंदर ही बैठाया जाएगा। साथ ही कमरे का तापमान नियंत्रित रखने के लिए स्कूल प्रबंधन को हीटर और ब्लोअर लगाना होगा।

डीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और टीचर दोनों की सुविधा के लिए ऑनलाइन क्लासेज का संचालन किया जा सकता है।

# मेरठ पुलिस ने किया सीडीए अधिकारी की मौत का खुलासा

## करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की ली गई मदद, आटो चालकों ने लूट के इरादे से की थी हत्या



**मेरठ।** मेरठ कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र हाईवे स्थित गांव खड़ोली के निकट एक बाग में मिले सीडीए अधिकारी अंकित पवार का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया था। जिसके बाद कंकरखेड़ा पुलिस हत्या के खुलासे में लग गई थी।

पुलिस ने अधिकारी की हत्या के खुलासे के लिए करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले और सीसीटीवी कैमरों की मदद से हत्यारों तक पहुंच गई। पुलिस ने हत्या का सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो आटो चालकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार टेंपो चालकों ने लूट के इरादे से अधिकारी की हत्या की थी।

बृहस्पतिवार को सीओ दौराला अभिषेक पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली स्थित गांव आलम के रहने वाले अंकित पवार पुत्र सुधीर सीडीए अधिकारी के पद पर उत्तराखंड स्थित देहरादून के लैंसडाउन में तैनात थे। सीओ ने बताया कि अंकित 10 दिन की ट्रेनिंग पर मेरठ के सीडीए कार्यालय में ट्रेनिंग पर आए थे। सीओ ने बताया कि शनिवार रात सीडीए अधिकारी खाना खाने के बाद हॉस्टल से घूमने के लिए निकले थे। और वह घूमते हुए बेगमपुर पर पहुंच गए। जहां उन्होंने बेगम पुल से शराब की बोतल खरीदी। बेगमपुल पर पहले से ही खड़े दो टेंपो चालक पहले से शराब पी रहे थे। सीओ ने बताया कि दो चालकों ने अंकित को टेंपो में बैठा लिया।

### आरोपियों ने अधिकारी को नशे की हालत में सड़क पर फेंका

पहले आरोपियों ने अधिकारी को शराब पिलाई अधिकारी को नशा होने पर आरोपी अंकित को टेंपो में बैठकर पहले जीरो माइल चौराहे पर ले गए। उसके बाद आरोपी अधिकारी को सैन्य क्षेत्र से हुए हुए अधिकारी को घुमाते हुए रोहटा रोड स्थित खड़ोली गांव के निकट एक बाग में ले गए। जहां आरोपियों ने सीडीए अधिकारी के साथ मारपीट कर लूट का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने अधिकारी को नशे की हालत में सड़क पर फेंक दिया था।

### लूटे गए एक हजार रुपए सहित मोबाइल भी बराबर कर लिया

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अधिकारी से एक हजार रुपए व मोबाइल भी लूट लिया था। पुलिस ने दोनों टेंपो चालकों को भैसाली बस अड्डे से गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया। सीओ दौराला ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को टेंपो सहित गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों के पास से लूटे गए एक हजार रुपए सहित मोबाइल भी बराबर कर लिया है।

### आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दायर

सीओ दौराला बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी रोहन निवासी मवाना और आशु गंगानगर का रहने वाला है। सीओ के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मवाना सहित अन्य स्थानों में लूट व चोरी के मुकदमे भी कायम हैं। शिव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दायर किया गया है शुक्रवार को आरोपियों को जेल भेज दिया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### वित्तीय संस्थान ढाई बजे तक रहेंगे बंद

नयी दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित राम जन्म भूमि मंदिर में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों में दोपहर ढाई बजे तक बंद रहेंगे। कार्मिक , जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के गुरुवार को जारी एक परिपत्र के अनुसार अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय और केन्द्र सरकार के उपक्रम पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे से अपराह्न ढाई बजे तक बंद रहेंगे। इसके मद्देनजर वित्तीय सेवा विभाग ने सभी सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ ही सरकारी बीमा कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी दोपहर ढाई बजे तक अवकाश के परिपत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के 2019 के निर्णय के अनुसार एक गैर सरकारी न्यास द्वारा अयोध्या में राम जन्म भूमि पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वहां मंदिर के गर्भगृह में राम लला की नयी मूर्ति गुरुवार को धार्मिक विधि-विधान के साथ स्थापित की गयी। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को की जायेगी।

### वैलेंटाईन डे के लिए विशेष प्लेटिनम ज्वेलरी

नयी दिल्ली। वैलेंटाईन डे पर उपहार देने के लिए विशेष प्लेटिनम ज्वेलरी बनाये गये हैं। प्लेटिनम ज्वेलरी प्यार और चिंतनशीलता का प्रतिनिधित्व करती है। चाहे वैलेंटाईन डे के अवसर पर अपने प्रेमपूर्ण संबंध की खुशी मनाना हो, या फिर अपने प्रेमी या प्रेमिका के प्रति प्यार का इजहार करना हो, हर अवसर के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी आकर्षक रहती है। प्लेटिनम गिल्ड इंटनेशनल (पीजीआई) की बिज़नेस निदेशक पल्लवी शर्मा ने यहां जारी बयान में कहा, दंपत्तियों के लिए तैयार कॉम्प्लिमेंटरी लव बैंड्स से लेकर महिलाओं के बारीक डिज़ाईन के पेंडंट तक, हमने अपने डिज़ाईन पार्टनर्स के साथ मिलकर विस्तृत डिज़ाईन पैटर्न तैयार किए हैं, जो पीजीआई के अधिकृत रिटेल पार्टनरों के पास उपलब्ध हैं। ग्राहक वैलेंटाईन डे के विशेष अवसर के लिए ये डिज़ाईन उनसे खरीद सकते हैं। प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव कलेक्शन के लिए इन डिज़ाईंस का नैरेटिव स्लीक, आधुनिक और बहुमुखी है। युगलों के लिए प्लेटिनम लव बैंड्स विभिन्न रोचक डिज़ाईन विकल्पों में आते हैं, जिनमें ज्यामितीय पैटर्न, स्टेटमेंट और सेंट्रल मोटिफ, और सॉलिटेयर शामिल हैं। पेंडंट्स की श्रृंखला में अद्वितीय हार्ट मोटिफ हैं, जो रोज़ गोल्ड में हीरों से जड़े और टू-टोन टैक्सचर द्वारा सजाए गए हैं।

### महिंद्रा ने पेश किया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल

नयी दिल्ली। वाहन बनाने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने आज हल्का व्यावसायिक वाहन नई सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज के लॉन्च की घोषणा की जो डीजल और सीएनजीडुओ दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। कंपनी ने यहां कहा कि सुप्रो प्लेटफॉर्म की सफलता के आधार पर प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज अपनी ताकत, स्टाइल, सुरक्षा और आराम के साथ लास्ट-मील कनेक्टिविटी के लिए डिजाइन किया गया है। सुप्रो, शुरुआत में 2015 में लॉन्च किया गया था, जो ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले एक हरफनमौला प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुप्रोप्रॉफिट ट्रक एक्सेल के डीजल संस्करण की दिल्ली में एक्स शो रूम कीमत 6.61 लाख और सीएनजी डुओ की कीमत 6.93 लाख रुपये है। उसने कहा कि सुप्रो सीएनजीडुओ की सफलता के बाद नया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल कई इंजन और ईंधन विकल्पों, मॉर्डन स्टाइल, बेहतरीन सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सुविधाओं के साथ हरफनमौला प्लेटफार्मों की पेशकश करने के लिए महिंद्रा की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। सीएनजी डुओ एकबार टैंक फुल कराने पर 500 किलोमीटर चलेगा।

### फोनपे ने दोपहिया डिजिटल बीमा में 65 प्रतिशत की वृद्धि की हासिल

नयी दिल्ली। डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने 2 वर्षों में भारत में दोपहिया डिजिटल बीमा कारोबार में 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल की है। कंपनी ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि भारतीय बीमा उद्योग के विकास और बढ़ते उपभोक्ता विश्वास के एक बदलाव में, बीमा खरीदने के लिए डिजिटल चैनलों को अपनाने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कंपनी ने बीमा उत्पादों में 7.5 करोड़ से अधिक व्हीकल इंश्योरेंस कोटेशन और 40 करोड़ से अधिक कोटेशन की सुविधा भी प्रदान की है। फोनपे ने सितंबर 2021 में अपने प्लेटफॉर्म पर बीमा की पेशकश शुरू की और तब से कुल मिलाकर 90 लाख से अधिक पॉलिसियां बेची गयी हैं, जिनमें से 40 लाख से अधिक अकेले पिछले वर्ष में बेची गईं। डिजिटल बीमा बाज़ार 24 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। मोटर बीमा उत्पादों के साथ बाजार में हलचल मचाने के बाद फोनपे ने हाल ही में हेल्थ इंश्योरेंस के लिए एक अनूठी मासिक प्रीमियम प्लान पेश की है - जो उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल है।

### मिआ बाय तनिष्क का दिल्ली एनसीआर में विस्तार

नयी दिल्ली । फैशनेबल आभूषण ब्रांड मिआ बाय तनिष्क ने दिल्ली एनसीआर में अपना विस्तार करते हुये फरीदाबाद में अपना पहला नया स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस नये स्टोर में कलर स्टोन, सोने, हीरे और चांदी से बने मिआ के आधुनिक और खूबसूरत आभूषण उपलब्ध हैं। अलग-अलग उपभोक्ताओं की अलग-अलग पसंद और ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, स्टड्स, अंगूठियां, ब्रेसलेट्स, इयररिंग्स, पेंडेंट्स, नेकवेयर और आधुनिक मंगलसूत्र यहां उपलब्ध है। 18 कैरेट सोने के इंटरनेशनल और आधुनिक आभूषणों का मिआ ऑरम कलेक्शन भी यहां उपलब्ध है। हाल ही में प्रस्तुत किए गए मिआ के स्टारबर्स्ट कलेक्शन में 200 से ज़्यादा डिज़ाइन हैं। 14 कैरेट सोने में बने यह आभूषण किसी भी सेलिब्रेशन में पहनने योग्य है। मिआ बाय तनिष्क ब्रांड अपने ट्रेंडी और शानदार कलेक्शन्स के लिए पहचाना जाता है, बोल्ड और स्टाइलिश टच के कई आकर्षक डिज़ाइन गिफ्टिंग को बहुत ही आसान और बेहतरीन बना देते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने डब्ल्यूईएफ में बी20 वैश्विक संस्थान के स्थापना का एलान किया

नई दिल्ली। दावोस में विश्व आर्थिक मंच के मौके पर बुधवार को केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बी20 वैश्विक संस्थान की स्थापना की घोषणा की। यह पिछले साल दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के दौरान भारत की ओर से लिए गए संकल्पों के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए उठाया गया कदम है। एक्स पर अपने पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा, विश्व आर्थिक मंच 2024 में भारत के योगदान को आगे बढ़ाते हुए जी20 के दौरान नई दिल्ली में कल्पना की गई एक अवधारणा बी20 ग्लोबल इंस्टीट्यूट की औपचारिक रूप से स्थापना की घोषणा करते हुए खुशी हुई। व्यवसायों के नेतृत्व में बी20 ग्लोबल इंस्टीट्यूट वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करने, सामाजिक लाभ के लिए डिजिटल नवाचारों और एआई का उपयोग करने, इएसजी सिद्धांतों को बढ़ावा देने और स्थिरता व ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने के लिए तैयार है।

### एनजीओ ईटी के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने गैर सरकारी संगठन एनवायरनिक्स ट्रस्ट (ईटी) और उसके प्रबंध निदेशक और वित्त निदेशक वनिता श्रीधर के खिलाफ एफसीआरए प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए मामला दर्ज किया है। सीबीआई जांच में पता चला है कि ईटी ने ओडिशा में चक्रवात प्रभावितों के लिए राहत पैकेज के नाम पर 15 नवंबर, 2020 को 711 लोगों के विभिन्न बैंक खातों में 1250 रुपये ट्रांसफर किए थे। लेकिन वास्तव में इसका भुगतान जेएसडब्ल्यू के खिलाफ आंदोलन के लिए ओडिशा के ढिंकिया साइट पर जुटे प्रदर्शनकारियों को किया गया था। ऐसे में यह साबित होता है कि ईटी ने आंदोलनकारियों को फंडिंग की है और देश में कानून व्यवस्था की समस्या पैदा करने वाली विभिन्न गतिविधियों में शामिल है। बंधन बैंक ने गुरुवार को बताया कि उसे राजिंदर कुमार बब्बर को बैंक के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है।

# बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई । अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़े और बॉण्ड यील्ड में तेजी के बीच ब्याज दरों में कटौती में हो रहे विलंब के दबाव में स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, यूटिलिटीज, पॉवर और वित्तीय सेवाएं समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.90 अंक लुढ़ककर 71,186.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.70 अंक टूटकर 21,462.25 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 37,568.92 अंक पर आ गया। वही, स्मॉलकैप में 0.02 प्रतिशत की बढ़त रही।

इस दौरान बीएसई में कुल 3910 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1906 में बिकवाली जबकि 1898 में लिवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां गिरावट जबकि 19 तेजी पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.30, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.82, आईटी 0.29, यूटिलिटीज 1.70, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.07, धातु 0.75, पावर 1.30, टेक 0.19 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स



0.23, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.43 प्रतिशत की तेजी रही जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.11 और जापान निक्की 0.03 प्रतिशत फिसल गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 482 अंकों का गोता लगाकर 71,018.86 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 70,665.50 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर तक 71,451.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 71,500.76 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत गिरकर 71,186.86 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 158 अंक की गिरावट के साथ 21,414.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,285.55 अंक के निचले जबकि 21,539.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 21,571.95 अंक की तुलना में 0.51 प्रतिशत टूटकर 21,462.25 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 3.26, एनटीपीसी 3.23, टाइटन 2.45, एशियन पेंट 2.43, पावरग्रिड 2.36, इंडसइंड बैंक 1.82, नेस्ले इंडिया 1.60, मारुति 1.31, बजाज फाइनेंस 1.31, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.92, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.61, एचसीएल टेक 0.54, टाटा स्टील 0.46, आईटीसी 0.28, बजाज फ़िनसर्व 0.24, कोटक बैंक 0.14 और विप्रो 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.86, टेक महिंद्रा 2.16, टाटा मोटर्स 1.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.18, एक्सिस बैंक 1.03, एलटी 0.85, आईसीआईआई बैंक 0.73, इंफ़ोसिस 0.43, टीसीएस 0.42, अल्ट्रासिमको 0.40, एसबीआई 0.34, रिलायंस के शेयर 0.29 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# सिंघी ने किया भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने आज यहां रोहिणी के सेक्टर 10 स्थित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर संघी ने देश के विभिन्न प्रांतों से आये व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों में बैंकों के बोर्ड की बैठक में अब राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का एक सदस्य उसमें भाग ले सकेगा। उन्होंने कहा कि देश में अब निरीक्षक राज समाप्त हो गया है। सरकार ने वन विन्डो लाइसेंस सिस्टम को लागू किया है, जोकि पूरी तरह से पारदर्शी है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कई पुराने कानूनों को समाप्त कर नीतिगत व्यवस्था में बदलाव किया है। इससे व्यापारी वर्ग को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग को अब अपनी समस्या बताने के बजाय अब उसमें सुधार करने की बात करनी चाहिए।

वहीं, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बालकिशन अग्रवालने कहा कि बैंकों की कार्य पद्वति का अध्ययन करने के लिए सरकार को एक आयोग का गठन करना चाहिए कि किस प्रकार से निष्ठावान व्यापारियों को ऋण देने में बाधाएं उत्पन करते है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यापार मंडल के प्रयास से मुख्यमंत्री ने एक जुलाई 2017 से पहले वैट की बकाया 38,000 करोड़ रुपये के लिए सेटलमेंट स्कीम निकाली, जिसको 30 मार्च 2024 तक हासिल किया जा सकता। इस स्कीम के तहत करीब 25000 करोड़ रुपये का लाभ व्यापारियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में मंडियों में मालिकाना हक के काफी मामलें लंबित पड़े हुए थे अब वे सभी मामले निबट चुके और हमारे व्यापारी भाइयों को इसका लाभ प्राप्त हुआ।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने कहा कि व्यापारी स्वयं एक वर्ग नही और एक इकाई नहीं बल्कि देश की वितरण प्रणाली की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि अभी हमारे संगठन की सदस्यता एक करोड है जिसे हमने अगले कुछ वर्ष में 10 करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. गोपाल एम मोर ने बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना 1981 में पूर्व सांसद दिवंगत भीकूराम जैन ने व्यापारियों की समस्याओं को देखकर गठन किया था। उन्होंने कहा कि देश की पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सबसे बड़ा योगदान रेहड़ी-पटरी और खुदरा व्यापार का होगा। उन्होंने श्री सिंघी के समक्ष प्रधानमंत्री व्यापारी मानधन योजना की पेंशन राषश को तीन हजार से बढ़ा कर पांच हजार रुपये करने के मामले को उठाया।

इस मौके पर सर्वश्री मुकेश कुमार गुप्ता, गौरव कुमार, भुवनेश गर्ग, नितिन कुमार शर्मा, वरूण अग्रवाल, घनश्याम, संजय कुमार, संजीव कुमार, जगदीश बेरीवाल, अशोक गुप्ता, आचार्य गोविंद हरि, शैलेंद्र सिंघला, श्री शिव कुमार अग्रवाल, श्री दिनेश गोयल, आर पी बंसल, आर के सिंघल, ज्ञान अग्रवाल, भानीराम मंगला, श्रीमती प्रीति अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अकासा एयर ने दिया 150 बोइंग विमानों का ऑर्डर

हैदराबाद। अकासा एयर ने 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया है, जिससे एयरलाइन के विमानों की कुल संख्या बढ़कर 226 विमानों की हो जायेगी।

एयरलाइन ने गुरुवार को जेट खरीद ऑर्डर की घोषणा यहां आयोजित विंग्स इंडिया द्विवार्षिक एयर शो में की। उसने कहा,इस मील के पत्थर की घोषणा के साथ, भारत में किसी एयरशो में की गयी अपनी तरह की इस पहली घोषणा के साथ, अकासा एयर नागरिक उड्डयन के इतिहास में परिचालन शुरू करने के 17 महीने के भीतर 200 से अधिक विमानों के ऑर्डर बुक तक पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन बन गयी है।

एयरलाइन ने बताया कि नवीनतम ऑर्डर, जिसमें 737 मैक्स 10 और 737 मैक्स 8-200 जेट शामिल हैं, एयरलाइन को 2032 तक एक स्थिर विमान डिलीवरी स्ट्रीम प्रदान करेगा। अकासा एयर के संस्थापक एवं मुख्य




कार्यकारी अधिकारी विनय दूबे ने कहा, इस बड़े और ऐतिहासिक विमान ऑर्डर से अकासा इस दशक के अंत तक दुनिया की शीर्ष 30 अग्रणी एयरलाइनों में से एक बनने की राह पर है। अकासा की उल्लेखनीय वृद्धि एक विमानन बाजार के तौर पर भारत के वादे को प्रमाणित करती है और हम इस यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं।

अकासा एयर वर्तमान में 22 विमानों का बेड़ा संचालित करती है और आठ वर्षों के दौरान उसे कुल 204 अतिरिक्त विमान प्राप्त होंगे।

# खाद्य तेलों में टिकाव; चावल सस्ता

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चावल सस्ता हो गया। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट उबलकर 3925 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की बढ़त के साथ 47.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल ~2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4600-4700 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 13187 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 11135 रुपये, पाम ऑयल 8000 रुपये और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# डेल्टा का 'इनोवेशन ऑन व्हील्स' सॉल्यूशंस

नयी दिल्ली। पावर और थर्मल प्रबंधन समाधान प्रदाता कंपनी डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने नए 'इनोवेशन ऑन व्हील्स' समाधान को आज रवाना किया जो देश के 50 से अधिक शहरों का भ्रमण करेगा और 10,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा।

कंपनी ने भारत में परिचालन के 20 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आज यहां इसको रवाना किया। कंपनी ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अपने 20 वर्षों के सफल कार्यकाल का जश्न मना रही है। यह अभियान डेल्टा के अत्याधुनिक डेटा सेंटर समाधानों की विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करेगा।

डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने कहा, 20 साल पहले एस्कॉम एनर्जी सिस्टम्स और इसकी भारतीय सहायक कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद से, डेल्टा अत्याधुनिक ऊर्जा-कुशल उत्पादों और समाधानों के साथ भारत भर में उद्योगों और




व्यवसायों को सशक्त बना रहा है। हमारा इनोवेशन ऑन व्हील्स' का सॉल्यूशन प्रदर्शन ट्रक डेल्टा की इनोवेशन और बेहतर ग्राहक सहभागिता की यात्रा में एक उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है। यह प्रभावशाली शोकेस स्मार्ट, ऊर्जा-कुशल और अभिनव समाधान प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के साथ सहजता से मेल खाता है।

कंपनी ने इस मौके पर एक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ट्रक का अनावरण किया। यह ट्रक भारत के 50 से ज्यादा शहरों में यात्रा पर निकला है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य डेल्टा की उन्नत तकनीक और समाधानों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन, दूरसंचार प्रोडक्ट, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर और ऑटोमेशन सॉल्यूशन शामिल हैं। डेल्टा के ऑल-इन-वन कंटेनराइज्ड डेटा सेंटर सॉल्यूशंस के साथ डेटा को अनुकूलित, व्यवस्थित और संचालित किया जा सकता है जो तमाम माइक्रो, मिनी और एज डीसी अप्लीकेशंस के लिए कई लोड आकारों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी का इंटीग्रेटेड, प्लग-एंड-प्ले सोल्यूशन उत्कृष्ट विश्वसनीयता और लचीलेपन के साथ तेजी से तैनात किया जा सकता है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक निरंजन नायक ने कहा, हम इनोवेशन ऑन व्हील्स पहल को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं, जो नवाचार और ग्राहक-केंद्रित समाधानों के प्रति डेल्टा की प्रतिबद्धता का एक ठोस प्रदर्शन है। यह मोबाइल शोकेस उन्नत डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के प्रति हमारे समर्पण को स्पष्ट करता है। इसका लक्ष्य हमारे ग्राहकों को डायरेक्ट सॉल्यूशन देना और डेल्टा की अत्याधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना।

# शक्कर में गिरावट, खाद्य तेलों में मजबूती, दलहन में तेजी, दाल- चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में गिरावट रही। खाद्य तेलों में मांग से मजबूती दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड बना रहा। तिलहन मजबूत बताए गए। दलहनों में तेजी रही। दाल तथा चावल में उठाव बताया गया।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव कमी से गिरावट दर्ज की गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा तथा खोपरा बूरा में लिवाली रही। साबूदाना, हल्दी, खोपरा गोला में पूछपरख बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में लिवाली से भाव मजबूती लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड में उठाव बढ़ा बताया गया। तिलहनों में मजबूती दर्ज की गई।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में



दलहनों के भाव मजबूती लिए बताए गए। दालों में उठाव रहा। चावल में मांग साधारण बताईं गई।

### किराना

शक्कर 3880 से 3910 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 110 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2350 से 4000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 140 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों निमाड़ी 6300 से 6500, सोयाबीन 4700 से 4750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1570 से 1590, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 905 से 910, साल्वेंट 865 से 870, पाम तेल 885 से 890 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5650 से 5700, चना विशाल 5550 से 5600, मसूर 6050 से 6100, तुअर निमाड़ी 8500 से 9200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 9300 से 9600, तुअर (कर्नाटक) 9500 से 9900, मूंग 8600 से 9600, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8200 से 8700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7400 से 7900, तुअर दाल सवा नंबर 12300 से 12400, तुअर दाल फूल 13700 से 13800, तुअर दाल बोल्ड 14800 से 14900, आयातित तुअर दाल 11200 से 11300, मसूर दाल 7400 से 7700, मूंग दाल 10200 से 10500, मूंग मोगर 10700 से 11000, उड़द दाल 10600 से 10900, उड़द मोगर 11000 से 11300 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1690 से 1700, मैदा 1630 से 1640, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 3775 से 3800 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# हवाई यात्रियों की संख्या होगी 30 करोड़

नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को बताया कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक सालाना 30 करोड़ हो सकती है। 2023 में हवाई सफर करने वालों की संख्या 15.3 करोड़ थी। सिविल एविएशन कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी, विंग्स इंडिया 2024 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, सिंधिया ने कहा कि हवाई अड्डों और वाटरड्रोम की संख्या देश में मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

2030 में एक वर्ष में 30 करोड़ यात्रियों के साथ, भारत की विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी और उसके बाद भी बाजार में संभावना बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले 15 वर्षों में, घरेलू कार्गो में 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 53 प्रतिशत थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और तेलंगाना के मंत्री के वेंकट रेड्डी ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यह भी कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद विमानों के सबसे बड़े वैश्विक खरीदार के रूप में उभरा है।

विंग्स इंडिया 2024 में बोलते हुए, सिंधिया ने बोइंग और एयरबस को भारतीय कंपनियों की ओर से दिए गए विमानों के ऑर्डर्स के बारे में बताया। सिंधिया ने कहा कि इंडिगो ने 500 विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं, वहीं एयर इंडिया ने भी 470 विमानों का ऑर्डर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में लॉन्च की गई अकासा एयर ने भी 200 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है।

एयर इंडिया ने बताया है कि नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विंग्स इंडिया 2024 के दौरान गुरुवार को आधिकारिक तौर पर देश और एयर इंडिया के पहले एयरबस ए350-900 विमान का उद्घाटन किया।

# शार्ट न्यूज

## सुमित नागल दूसरे दौर में हारकर बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में सुमित नागल का सफर खत्म हो चुका है। दूसरे दौर में उन्हें चीनी टेनिस खिलाड़ी जुनचेंग शांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के पहले राउंड में यादगार जीत दर्ज करने वाले नागल को अच्छी शुरुआत के बावजूद हार झेलनी पड़ी। वाइल्डकार्ड के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाने वाले 18 वर्षीय चीनी खिलाड़ी ने धीरे-धीरे गति पकड़ी और 2-6, 6-3, 7-5, 6-4 स्कोर के साथ जीत हासिल की। तीसरे सेट के बाद से शांग ने जबरदस्त सर्विस की और पहला सेट हारने के बावजूद मैच जीतने में सफल रहे। दो घंटे 50 मिनट तक चले मुकाबले में नागल चौथे सेट में थके हुए लग रहे थे। वह बेहतरीन यादों के साथ मेलबर्न पार्क से बाहर निकले, उन्होंने क्वालीफायर के माध्यम से मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई और दुनिया के 27वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक पर यादगार जीत हासिल की। हरियाणा के झज्जर के 26 वर्षीय नागल को 180,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जो उनके प्रयासों के लिए एक बड़ा इनाम है। यह उनके 2024 टूर बजट के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कवर करेगा। नागल ने शुरूआत में चीनी खिलाड़ी को बेसलाइन लड़ाई में उलझाए रखा और पहले गेम में शुरुआती ब्रेक अपने नाम किया। शांग ने वापसी की दमदार कोशिश की, लेकिन नागल ने अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः शुरुआती सेट जीत लिया।

## जर्मनी पर जीत बेटियों को दिलाएगी पेरिस का टिकट

नई दिल्ली। गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई में महिला हॉकी टीम बृहस्पतिवार को एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगी। पूल ए में शीर्ष पर रहने वाली जर्मनी पर जीत भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक का टिकट दिला देगी। टूर्नामेंट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमों को ओलंपिक में खेलने का मौका मिलेगा। विश्व नंबर छह भारत और नंबर पांच जर्मनी के बीच मुकाबला आसान नहीं होगा। 2006 के बाद से दोनों टीमें आपस में सात बार खेली हैं, जिसमें पांच में जर्मनी को जीत मिली है और दो में भारत जीता। जर्मनी और जापान के पूल ए में सात अंक रहे, लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर यह टीम शीर्ष पर रही। वहीं भारत को पहले मैच में अमेरिका के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अगले दो मैचों में उसने न्यूजीलैंड पर 3-1 और इटली पर 5-1 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को ओलंपिक टिकट हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। तीसरे और चौथे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में जीतने वाली टीम भी ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेगी। भारत की सबसे बड़ी कमजोरी पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की रही है।

## 44वीं एमकेएम फुटबॉल प्रतियोगिता 20 जनवरी से

उदयपुर। 44वीं मोहनकुमार मंगलम फुटबॉल प्रतियोगिता उदयपुर के निकट जावर माइंस के जावर फुटबॉल स्टेडियम में 20 जनवरी से होगा। 10 दिसवसीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रसिद्व भारतीय फुटबॉलर क्लाइमैक्स लॉरेंस एवं राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह शेखावत, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष शकील अहमद, हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा होगें। हिंदुस्तान जिंक जावर माइंस मजदूर संघ 10 दिवसीय टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। देश भर से प्रदेश की राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता अखिल भारतीय मोहन कुमार मंगलम स्मृति में 1976 से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में राजस्थान की मेजबान टीम के साथ दो अन्य टीमें राजस्थान पुलिस एवं डीएफए उदयपुर के साथ ही देश की जानी मानी टीमें प्रतिभागी होगीं। देश की अन्य टीम शिमला यंग एफ सी, राउंड ग्लास एफसी पंजाब, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई, आर्टिलरी सेंटर हैदराबाद, एनएफए नीमच, दून स्टार एफसी देहरादून, बीएसएफ सिलीगुड़ी, एआरए फुटबॉल क्लब गुजरात, आर्यक्स सुपर बन एफसी कोलकाता एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## पेरिस ओलिंपिक से पहले फिर विवादों में शूटिंग

नई दिल्ली। ओलिंपिक गेम्स-2023 से पहले भारतीय निशानेबाजी एक बाद फिर विवादों में है। गुरुवार को दिग्गज पिस्टल निशानेबाज और मनु भाकर के निजी कोच जसपाल राणा ने दावा किया कि भारतीय टीम के हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर पिएरे ब्यूचैम्प ने उन्हें दिल्ली की डॉ. कर्णी सिंह रेंज से बाहर जाने के लिए कह दिया। जसपाल के इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया। मामले में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर के पक्ष में है। जब पेरिस ओलिंपिक गेम्स के लिए 6 महीने का समय बचा है, तो शूटिंग में फिर विवाद खड़ा हो गया। 47 साल के जसपाल राणा ने दैनिक भास्कर को बताया- हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर दिल्ली की रेंज में मुझसे बदतमीची कर रहे थे और मुझे रेंज से बाहर भगा दिया। इस पर NRAI के सचिव राजीव भाटिया ने कहा- NRAI ने सभी खिलाड़ियों और कोच के लिए एक SOP बनाई है, जिसका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है, लेकिन राणा ऐसा नहीं कर रहे थे और रेंज के प्रतिबंधित एरिया में जा रहे थे। उन्होंने SOP पर साइन भी नहीं किए। सभी को SOP का पालन करना चाहिए।

## बोलीविया में बाढ़ से छह लोगों की मौत

ला पाज़। बोलीविया में ला पाज़ के टिपुआनी शहर में इस सप्ताह भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से छह लोगों की मौत हो गई और दो नाबालिग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस के परिचालन प्रमुख मेजर विक्टर रामिरेज़ ने सरकारी टेलीविजन स्टेशन बोलीविया टीवी को बताया कि बाढ़ के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति की और एक यातायात दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को एक सार्वजनिक सेवा वाहन नदी में गिर गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। नगरपालिका आपातकालीन संचालन समिति के प्रतिनिधि रिकार्डो क्लारोस ने संवाददाताओं को बताया कि बारिश और उफनती नदियों ने सैकड़ों घरों को जलमग्न कर दिया , कई हेक्टेयर फसलें नष्ट हो गईं और सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए। श्री क्लारोस के अनुसार, नगर पालिका का 80 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ में डूब गया है और सैकड़ों परिवारों के पास कपड़ों के अलावा कुछ नहीं बचा है। बोलीविया सरकार ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए एक सहायता अभियान शुरू किया।

## ईरान पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता पर देता है बहुत ध्यान-अब्दुल्लाहियान

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान ने बुधवार को कहा कि उनका देश पड़ोसी देश पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर बहुत ध्यान देता है। ईरानी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार अब्दुल्लाहियान ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ एक फोन कॉल में यह टिप्पणी की। दोनों पक्षों ने मंगलवार को पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म समूह के खिलाफ ईरान के आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की। अब्दुल्लाहियन ने कहा, ईरान मित्र, भाईचारे और पड़ोसी देश पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता है। ईरान पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर बहुत ध्यान देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सुरक्षा ईरान के लिए महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि जैश अल-जुल्म समूह ने दोनों देशों की सुरक्षा के लिए आतंकवादी खतरा पैदा कर दिया है। श्री जिलानी ने अपनी ओर से दोनों देशों की साझा आकांक्षाओं और एक-दूसरे की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के इतिहास की ओर इशारा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ईरान की सुरक्षा पाकिस्तान जितनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब भी पाकिस्तान के अंदर ईरान के खिलाफ कोई खतरा पैदा हुआ, पाकिस्तानी सरकार ने उसके खिलाफ कार्रवाई की। ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी समूह के ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान ने बुधवार को ईरान पर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने, दो पाकिस्तानी बच्चों की हत्या करने का आरोप लगाया।

# रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए साहसिक फैसला लिया : द्रविड



बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने कहा कि रोहित शर्मा प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कल दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया जो सही साबित हुआ।

मैच के बाद द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी।

शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।

द्रविड ने कहा, उन्होंने आज यह दिखाया कि वह किस तरह के खिलाड़ी हैं। हम 22 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुके थे। ड्रिंक्स के दौरान जब मैं स्वयं भी मैदान के अंदर गया तो यही चर्चा हुई थी कि हमें सकारात्मक रहना है।

जाहिर तौर पर आप गेम को गति देने के इरादे से मैदान में जाते हैं लेकिन कई बार ऐसे क्षण भी आते हैं जब आपको अपने पैर कुछ समय के लिए पीछे खींचने होते हैं। लेकिन आप इस मैदान पर अधिक देर तक रक्षात्मक रह भी नहीं सकते। क्योंकि आपको पता है कि इस मैदान पर एक बड़े स्कोर की दरकार होती है। जिस तरह से पारी के अंत में बड़े शॉट्स उन्होंने लगाए वह वाकई देखने लायक थे।

उन्होंने कहा, हम इस पर काफी समय से चर्चा करते आ रहे हैं कि कैसे स्क्वायर ऑफ द विकेट रन बटोरे जाएं और इसके लिए स्वीप और रिवर्स स्वीप का उपयोग करें और साथ ही उसका अभ्यास भी।

कभी आपको अच्छी स्पिन गेंदबाजी का भी सामना करना पड़ता है। कैस अहमद को शुरुआत में काफी स्पिन भी प्राप्त हो रही थी और ऐसी स्थिति में रोहित के लिए डाउन द ग्राउंड जाकर खेलना मुश्किल होता, इसलिए बाउंड्री के स्क्वायर हिस्सों में खेलने एक होशियारी वाला निर्णय था।

द्रविड़ ने रिंकू की प्रशंसा करते हुए कहा, अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शुरुआती दौर में ही उन्होंने जिस तरह की परिपक्वता दिखाई है वह प्रशंसनीय है। हमने उन्हें पारी के बैक एंड में आकर खेल को समाप्त करते देखा है। आज उन्होंने साझेदारी बनाते और बैक एंड में पारी को फिनिश करता देखना सुखद था। वह अपने स्किल को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं, उन्हें अपनी क्षमताओं के बारे में भली भांति पता है और यह भी कि उन्हें किन चीज़ों पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, पिछली कुछ श्रृंखला में उन्होंने यह दर्शाया है कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल कर सकते हैं। वह निर्भीक हैं, हमेशा स्वयं को शांत रखते हैं।

वह अपने गेम प्लान को लेकर काफी स्पष्ट हैं और उन्हें अपनी क्षमताओं की जानकारी है।

हमें एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश थी जो अंत में गेम को फिनिश कर सके और एक क्लीयर माइंडसर के साथ बल्लेबाजी करे। रिंकू ने वैसा कुछ कर के दिखाया है। वह आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

आपने स्वयं भी देखा कि उन्होंने आईपीएल में किस तरह का खेल खेला और वह उस खेल को यहां भी जारी रखने में सफल हुए हैं।

# स्वीयाटेक ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी



**मेलबर्न।** विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक गुरुवार को दूसरे दौर के निर्णायक सेट में 1-4 से दो बार पिछड़ने के बाद मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए डेनियल कोलिन्स को 6-4, 3-6, 6-4 से हराते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है।

पोलैंड की स्वियाटेक और चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा के बीच तीसरे दौर का मुकाबला होगा।

जीत के बाद स्वीयाटेक ने कहा, यह आसान नहीं था। मुझे लगा जैसे मेरी गति बढ़ रही है और फिर उसने अचानक दो गुना तेज खेलना शुरू कर दिया और मुझे नहीं पता था कि कुछ गेम तक मैं इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं। लेकिन मैं वापस आयी, और मैंने केवल यही सोचा जिस चीज पर मैं ध्यान केंद्रित कर सकती थी वह मैं खुद थी। मैंने इसकी परवाह करना बंद कर दिया कि वह कैसे खेलेगी, मैंने सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित किया। वहीं कोलिन्स ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सत्र होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सत्र होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। इसमें निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव रहे हैं और मुझे लगता है कि यात्रा और शेड्यूल के साथ कोर्ट से दूर कुछ चीजें और यह सब, यह वास्तव में एक कठिन खेल है।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल मुकाबले में डकवर्थ - पोलमैंस को हराया

मेलबर्न । भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरूआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की स्थानीय टीम को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गये है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगे।

# प्रो कबड्डी लीग : जयपुर पिंक पैंथर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया




जयपुर। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में जयपुर पिंक पैंथर्स ने पीकेएल के 10वें सत्र के मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 37-27 के अंतर से हराया।

बुधवार रात मेजबान जयपुर पिंक पैंथर्स ने सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए पीकेएल के 10वें सीजन के 77वें मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 37-27 के अंतर से हराया।

13 मैचों में यह जयपुर की 10वीं जीत है। इस जीत के साथ 58 अंकों के साथ जयपुर ने अंक तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की है। वहीं हरियाणा को 13 मैचों में पांचवीं हार मिली।

जयपुर की जीत में अर्जुन देसवाल (8 अंक) के अलावा डिफेंस में अंकुश (5) और सुनील (4) ने अपनी चमक दिखाई। हरियाणा के लिए रेड में शिवम ने सबसे अधिक 8 जबकि डिफेंस में नवीन ने 4 अंक बटोरे।

आखिरी 10 मिनट की शुरुआत में हरियाणा ने लगातार तीन अंक अर्जित किये लेकिन जयपुर ने इस दौरान दो अंक लेकर उसकी वापसी रोक दी। हरियाणा ने चार अंक लेकर फिर वापसी की राह पकड़ी लेकिन समय हाथ से फिसला जा रहा था। चार मिनट बचे थे और फासला आठ का था। हरियाणा की टीम तमाम प्रयासों के बावजूद इस फासले की भरपाई नहीं कर सकी और दो जीत तथा एक टाई के बाद मुकाबला हार गई।

# रवांडा बिल ब्रिटिश लोअर हाउस में पास

### अवैध प्रवासियों से जुड़े इस बिल पर उनकी पार्टी के 11 नेता बागी, अब अपर हाउस में पेश होगा



लंदन। ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों से जुड़ा 'रवांडा बिल' संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ कॉमंस में पास हो गया है। इसे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लिए राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

ऐसा इसलिए क्योंकि इस बिल को लेकर सुनक की कंजरवेटिव पार्टी के बड़े नेता बगावत कर रहे थे। ये नेता नहीं चाहते थे कि बिल पास हो इसलिए वो सुनक के खिलाफ थे।

स्काई न्यूज के मुताबिक संसद के लोइर हाउस (हाउस ऑफ कॉमंस) में बिल के पक्ष में 320 वोट पड़े। 276 सांसदों ने बिल के खिलाफ वोट किया।

इसमें पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन, पूर्व मंत्री रॉबर्ट जेनेरिक समेत सुनक की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के 11 नेता शामिल थे। कंजरवेटिव पार्टी के 18 सांसदों ने वोट ही नहीं दिया।

अब यह बिल संसद के अपर हाउस यानी हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पेश किया जाएगा। इस बिल को लेकर सुनक विरोधी नेताओं की गुटबाजी के चलते पीएम सुनक पर इस्तीफे का खतरा बढ़ रहा था। ये नेता सुक के खिलाफ तख्तापलट की साजिश रच रहे थे।

### रवांडा बिल को समझिए...

ब्रिटेन में अवैध आप्रवासन एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। इसे रोकने और देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए पीएम सुनक रवांडा बिल लेकर आए। इसके तहत ब्रिटेन सरकार ने अपने यहां शरण मांगने वाले शरणार्थियों (वैध-अवैध) को नहीं रखने का फैसला करते हुए, उन्हें साउथ अफ्रीकी देश रवांडा भेजने के लिए एक सिस्टम तैयार किया। इसे लेकर ब्रिटेन और रवांडा के बीच समझौता हुआ।

जून 2023 में ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट ने शरणार्थियों को रवांडा भेजने की यूके सरकार की योजना को गैरकानूनी बताया था।

अदालत का मानना था कि रवांडा एक सुरक्षित देश नहीं है। इसके बाद बिल में एक संशोधन जोड़ा गया। इसमें कहा गया कि रवांडा को एक सुरक्षित देश माना जाए।

### प्रवासियों को लेकर यूके-रवांडा समझौते पर एक नजर...

यूनाइटेड किंगडम और रवांडा के बीच अप्रैल 2022 में इस असाइलम पॉलिसी पर एग्रीमेंट हुआ। ये करार 5 साल के लिए है।

दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक ब्रिटेन, शरण चाहने वाले नागरिकों की जांच करेगा और उनके लिए रवांडा तक सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था भी करेगा।

शरणार्थियों के आने पर, रवांडा के हर नागरिक को शरणार्थियों के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार को रोकना होगा। यदि रवांडा, किसी को अपने देश में शरण नहीं देना चाहता, तब उसे वापस उसके देश भेज दिया जाएगा।

# इंडोनेशिया सूटकेस मर्डर, अमेरिकी महिला को 26 साल की सजा

### 12.47 करोड़ रुपए के लिए मां की हत्या की थी, शव बैग में छिपाया था



वॉशिंगटन। अमेरिका की एक कोर्ट ने मां की हत्या करने वाली महिला को 26 साल जेल की सजा सुनाई है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हीदर मैक ने 2014 में इंडोनेशिया के बाली में बॉयफ्रेंड टॉमी शेफर के साथ मिलकर अपनी मां का कत्ल कर दिया था। पुलिस को मां का शव सूटकेस में मिला था। पुलिस के मुताबिक हीदर ने अपनी मां को फंड से मिलने वाले पैसों के लिए मारा। मां की मौत के बाद उसे करीब 12.47 करोड़ रुपए मिलने वाले थे।

### दूसरी बार जेल की सजा हुई

हीदर को दूसरी बार जेल की सजा हुई है। इसके पहले 2015 में उसे इंडोनेशिया की कोर्ट ने 10 की सजा सुनाई थी। हालांकि 2021 में उसे अमेरिका प्रत्यापित कर दिया गया। अमेरिका आने के बाद उसे विदेशी जमीन पर अमेरिकी नागरिक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट में केस चला। इस बीच वो शिकागो की जेल में बंद रही।

### सिर्फ 23 साल जेल में रहेगी हीदर

18 जनवरी को कोर्ट ने हीदर को 26 साल की सजा सुनाई। उसका बॉयफ्रेंड अब भी इंडोनेशिया की जेल में सजा काट रहा है। जज ने कहा- हीदर 2021 से ही जेल में बंद है। 26 में से 3 साल वो जेल में काट चुकी है इसलिए अगले 23 साल ही जेल में सजा काटेगी।

### 2014 में छुट्टियां मनाने बाली गई थीं मां-बेटी

हीदर शिकागो में अपनी मां के साथ रहती थी। 2014 में वो मां के साथ छुट्टियां मनाने इंडोनेशिया के बाली गई थी। दोनों एक होटल में रुके थे। तब हीदर की उम्र 18 साल थी। वो प्रेगनेंट भी थी। उसने अपने बॉयफ्रेंड टॉमी शेफर को भी बाली बुला लिया था। सही समय देखकर दोनों ने मां- शीला वॉन विसे-मैक की हत्या कर दी।

## सिंगापुर के परिवहन मंत्री ने रिश्वतखोरी के आरोप के बाद दिया इस्तीफा

सिंगापुर । सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वरन ने उन्हें जुलाई, 2023 में सीपीआईबी की जांच शुरू होने के बाद से मंत्री एवं सांसद के रूप में प्राप्त सभी वेतन राशि वापस करने के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने 17 जनवरी 2024 को उन्हें जवाब देते हुए उनका इस्तीफा और पैसे लौटाने की उनके फैसले को भी स्वीकार कर लेने की जानकारी दी।

## अमेरिका ने हाउती के ठिकानों पर किये हमले

वाशिंगटन। अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हाउती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात को इसकी पुष्टि की और कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया। गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हाउती को 'वैश्विक आतंकवादी' के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए। हाउती विद्रोहियों ने वाणिज्यिक जहाजों को लक्षित करके बुधवार को हमला किया था। इससे पहले इस समूह ने अमेरिका की और उसके द्वारा संचालित जहाजों को निशाना बनाया था, जो इस सप्ताह उसकी ओर से इस सप्ताह दूसरा हमला था।

## ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर किया हमला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि हमला मार्ग बार सरमाचर%नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि सरमाचर की बड़े पैमाने पर आतंकवादी गतिविधियों की विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आलोक में कार्रवाई की गई। उधर, ईरानी मीडिया ने बताया कि सरवन शहर के पास एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में तीन महिलाओं और चार बच्चों की मौत हो गई।

## न्यूजीलैंड में दो वर्ष में सबसे कम वार्षिक खाद्य मूल्य वृद्धि दर्ज की गयी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में खाद्य पदार्थों की कीमतों में दो वर्ष में सबसे कम वार्षिक वृद्ध दर्ज की गयी है, हालांकि एक साल पहले की तुलना में कीमतें 4.8 प्रतिशत अधिक हो गयी हैं। सांख्यिकी विभाग स्टैट्स एनजेड ने गुरुवार को बताया कि खाद्य कीमतों में दिसंबर 2021 के बाद से सबसे कम वार्षिक वृद्धि हुई है। उसने बताया कि दिसंबर 2023 में वार्षिक वृद्धि सभी खाद्य श्रेणियों में मूल्य वृद्धि के कारण हुई थी। स्टैट्स एनजेड की रिपोर्ट के अनुसार रेस्तरां के भोजन और 'रेडी टू ईट' भोजन की कीमतों में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई; किराना खाद्य पदार्थों की कीमतें 5.4 प्रतिशत बढ़ीं; गैर-अल्कोहल पेय पदार्थों की कीमतों में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई; मांस, मुर्गीपालन उद्योग और मछली की कीमतों में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई; रिपोर्ट में कहा गया है कि फल और सब्जियों की कीमतों में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टैट्स एनजेड उपभोक्ता मूल्य प्रबंधक जेम्स मिशेल ने कहा, वार्षिक परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदान रेस्तरां भोजन और रेडी-टू-ईट भोजन का था, जो मुख्य रूप से डाइन-इन भोजन और टेकअवे के लिए उच्च कीमतों से प्रेरित था। मिशेल ने कहा, नवंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2023 में मासिक खाद्य कीमतों में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आयी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 19 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

# अयोध्याधाम के 6 प्रमुख मार्गों पर होगा 200 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

## अयोध्याधाम में श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों को सुविधाजनक एवं सुलभ परिवहन सेवा होगी उपलब्ध

अयोध्या/लखनऊ। 22 जनवरी को अयोध्याधाम में श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्मित पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में व इसके बाद भी आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों तथा स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए तथा उन्हें आरामदायक एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार 6 रूटों पर 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जाएगा। हाल ही में मुख्यमंत्री ने अयोध्यावासियों के लिए 50 ई-बसों और 25 ई-आटो की सौगात दी थी। ई-बसों के संचालन से अयोध्यावासियों और पर्यटकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में इन बसों में यात्री सफर भी कर रहे हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से अयोध्या आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।



### 200 इलेक्ट्रिक बसों को किया जाएगा संचालित

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री जी द्वारा एयरपोर्ट से अयोध्या धाम के लिए भी ई-बस सेवा का शुभारम्भ किया गया। आगामी 20 जनवरी तक नगर विकास विभाग द्वारा 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 4 ई-बसें (7 मीटर) का एयरपोर्ट के यात्रियों की सुविधा के लिए महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक मार्ग पर संचालन कराया जाएगा। जिन छः रूटों पर इन बसों का संचालन किया जाना है उसमें 23 किलोमीटर लम्बे कटरा रेलवे स्टेशन से सहादतगंज, रामपथ पर लाल कलर कोड की 40 बसें चलेंगी, जिससे गोरखपुर एवं गोण्डा व इससे जुड़े मार्गों से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सलारपुर से अयोध्याधाम बस स्टेशन तक 22 किमी लम्बे मार्ग पर पीले कलर कोड की 40 बसें, इससे लखनऊ मार्ग से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से भरतकुंड तक 41 किमी लम्बे मार्ग पर नारंगी कलर कोड की 40 बसों से प्रयागराज एवं सुल्तानपुर व इससे जुड़े मार्गों से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से बारून बाजार तक 33 किमी लम्बे मार्ग पर बैगनी कलर कोड की 40 बसों से बांदा एवं झांसी व इससे सम्बद्ध मार्ग के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से पूरा बाजार तक 33 किमी लम्बे मार्ग पर हरे कलर कोड की 40 बसें चलायी जायेंगी, इससे वाराणसी एवं अकबरपुर व इससे सम्बद्ध मार्ग से अयोध्याधाम आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक से 17 किमी लम्बे मार्ग पर 04 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इससे एयरपोर्ट से आने वाली यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

# यूके के हिन्दू संगठन 22 को मनाएंगे 'दीपावली'

अयोध्या। श्रीराम 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ने सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश बल्कि विदेशों में भी दिवाली मनाई जाएगी। इसी क्रम में यूनाइटेड किंगडम की 217 हिन्दू संस्थाओं ने संयुक्त बयान जारी कर अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक क्षण बताया है और कहा है कि श्रीराम का अयोध्या में होना ही दीवाली है।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले इस ऐतिहासिक अयोजन को लेकर सीएम योगी और पीएम मोदी ने देशवासियों से घर, दुकान, प्रतिष्ठान सभी जगह दीपोत्सव मानने की अपील की है। इसी क्रम में अब विदेशों में भी दीपोत्सव और दीपावली मनाएं जाने की तैयारी हो रही है।

### दीपों से घर सजाने का आह्वान

इन सभी संस्थाओं ने पूरे यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को पर्व की तरह मनाने की अपील की है।

विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त महामंत्री विज्ञानानंद के अनुसार ऐसा बयान जारी करने वाले संगठनों में भक्ति मंडल लंदन, भक्ति धाम वेल्स, डा.अंबेडकर यूके मिशन, हिन्दू फोरम आफ यूरोप एंड यूके, जैन समाज मैनचेस्टर, माहेश्वरी महा सभा यूके, तेलुगू हिन्दू आर्गेनाइजेशन, उप्र. कम्युनिटी एसोसिएशन यूके ब्रिटिश हिन्दू प्रेस एसोसिएशन, श्री राम जन्मभूमि उत्सव समिति यार्कशायर, वेंकटेश्वरा बालाजी अभिषेकं ग्रुप, गुजराती सत्संग मंडल श्री कच्छ लेवा पटेल कम्युनिटी, स्वामी नारायण टेम्पल, आदि संस्थाओं के लोगों ने यूनाइटेड किंगडम के सभी हिन्दू परिवारों से इस मंगल अवसर को समारोह पूर्वक मनाने और शाम को दीपों से घर सजाने का आह्वान किया है।

# शार्ट न्यूज

## खाद्य विभाग में लिए नमूने



गाजीपुर। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर के निर्देश पर जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत दिनांक 16.01.2024 से18.01.2024 को जनपद गाजीपुर में पनीर/दूध के 05 नमूनें जॉच हेतु संग्रहित किये गये। जिसमें मिरनापुर तिराहा गाजीपुर स्थित रामायन यादव से मिश्रित दूध का 01 नमूना। 2- मिरनापुर तिराहा गाजीपुर स्थित से मिश्रित दूध का 02 नमूना एवं भैंस के दूध का 01 नमूना। 3- मालगोदाम रोड, निकट रोडवेज गाजीपुर स्थित माखन डेयरी से पनीर का 01 नमूना। संग्रहित नमूनें जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0, प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के खाद्य सचल दल का नेतृत्व श्री आर0पी0सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर द्वारा किया गया, टीम में श्री अवधेश कुमार, श्री विरेन्द्र यादव, श्री समला प्रसाद यादव, श्री गोपाल चन्द, श्री गुलाबचन्द गुप्त, एवं श्री राजीव कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण गाजीपुर सम्मिलित रहें।

## रोजगार मेला का आयोजन

गाजीपुर। (पीएमए) गुरुवार को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन, गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में दानिश मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सरस्वती नगर, जंगीपुर, बिरनो, गाजीपुर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियाँ क्वैस कार्पोरेशन, रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0, रौजा गाजीपुर जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी हेतु चयन सहित कुल 09 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चैरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 636 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 216 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी, गाजीपुर ने बताया कि भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर , वाराणसी द्वारा उक्त स्कूल परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गयी। जिसमें इज़राइल, दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 85 अभ्यर्थियों कौ प्प्ब्ए वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी।

## गन्ने के मूल्य में वृद्धि पर भाजपा किसान मोर्चा ने दी मुख्यमंत्री को बधाई, जताया आभार

लखनऊ। (पीएमए) आज उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों की आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गन्ने के मूल्य में 20 रूपये प्रति कुन्तल की वृद्धि करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश के किसानों एवं भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश की ओर से हम सभी आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देते है, आभार प्रकट करते है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के किसान आज खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहे है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान कल दिनांक 19 जनवरी 2024 को प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी महराज को धन्यवाद देगें और आभार प्रकट करेगे। आज कैबिनेट की मीटिंग में गन्ना मूल्य वृद्धि का निर्णय आने के बाद भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के मुख्यालय पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कामेश्वर सिंह जी की उपस्थिति में आदरणीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किये।

## इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के विषय में मण्डलायुक्त ने दिए अहम निर्देश

गोरखपुर। (पीएमए) मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने महानगर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बस व ड्राइवरों की फिटनेस तथा टिकटों की जांच इत्यादि को संभागीय परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके चेकिंग करना सुनिश्चित करें साथ ही कहा कि चालक व परिचालकों के वेतन का भुगतान समय पर किया जाये। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के पूरे प्रबंध किए जाएं और महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने गोरखपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड गोरखपुर के निदेशक मंडल की पांचवी बैठक के दौरान आयुक्त सभागार में दिया। बैठक में निदेशक मंडल द्वारा महानगर बसों के संचालन के विषय में विस्तृत जानकारी और साथ ही यात्रियों को स्मार्ट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बताया गया कि वन यूपी वन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिस पर मण्डलायुक्त ने यथाशीघ्र सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वीसी जीडीए आनंद वर्धन, आर0एम0 लव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ठंडक ने ले ली मासूम बच्चे की जान

वाराणसी। शिवपुर शिवपुर थाना क्षेत्र के पिसौर गांव में अपने मौसा जयेंद्र पटेल और मौसी उर्मिला पटेल के घर रह रहा 13 वर्षीय अभय पटेल पुत्र गोविंद पटेल निवासी मेजा थाना मडियाहू जनपद जौनपुर जो अपने मौसी के घर रहकर पठन-पाठन का कार्य करता था दिन के 12ः00 बजे के करीब अपने दोस्तों के साथ घर के ही समीप मैदान में क्रिकेट खेलने के लिए गया हुआ था की कड़ाके की ठंड लगने से क्रिकेट खेल रहा अभय पटेल एकाएक जमीन पर गिर गया साथ में खेल रहे बच्चों ने उसे उठाकर घर लाया जहां पर परिजन देखते ही देखते उसको एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टर ने बताया कि इसको ठंडक लगने से इसकी मौत हो गई है ,मौत की सूचना पर मृतक के घर से मां प्रमिला देवी एवम पिता गोविंद पटेल भी मौके पर आ गए जो अपने इकलौते बेटे की मौत पर दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे,मृतक अपने मां पिता की इकलौती संतान थी वही मृतक की छोटी बहन महक भी अपने भाई की मौत पर रो रोकर बिलख रही थी, स्थानीय लोगो ने बताया कि यह लड़का अपने मौसा जयेंद्र पटेल और मौसी उर्मिला पटेल के घर रहता था जो अपने माता पिता की अकेले लड़का था।

# लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, योजनाओ की दी गई जानकारी

**आजमगढ़।** (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड साठियाँव के ग्राम पंचायत सोनपार, बैठौली, प्यारेपुर व गोछा, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत मंदूरी, देवा बिन्दवल व गौरीनरायनपुर, मेहनगर के ग्राम पंचायत कटता व गहुनी, जहानागंज के ग्राम पंचायत बबुरा ब्योहारडीह, नवपुरा खालसा, मार्टिनगंज के ग्राम पंचायत करुई व गम्हीरी, मिर्जापुर के ग्राम पंचायत मधुरामपुर व कलवारी, बस्ती एवं ओस्ती, अहिरौला के ग्राम पंचायत जगदीशपुर हरिवंशधर व ग0प0 भेदौरा, मुहम्मदपुर के ग्राम पंचायत असाढा व नंदाव, तरवा के ग्राम पंचायत कोटा व रस्तीपुर, लालगंज के ग्राम पंचायत परसौरा जगदीशपुर व इस्माइलपुर बरहती, पल्हनी के ग्राम पंचायत कोलपांडे, ककरहटा, कोलबाजबहादुर व मनचोभा, कोयलसा के ग्राम पंचायत मोलनापुरनत्थनपट्टी व बौढ़िया में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसी के साथ ही लाभार्थियों द्वारा सफलता की कहानी भी सुनाई गयी। इसी क्रम में दिनांक 19 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड सठियाँव के ग्राम पंचायत जमुड़ी, दौलतपुर, कोयलसा के ग्राम पंचायत भाउपुर व लालपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक एवं लाभान्वित किया जायेगा।

# तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी समेत छः के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

## जनता दर्शन में मिली सूचना पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर कराई जांच, दोषी मिले लोगों के विरूद्ध कड़ा एक्शन

रमेश शर्मा। गौरवशाली भारत

बलरामपुर। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के आदेश पर भ्रष्टाचार के मामले में संलिप्त 06 व्यक्तियों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की गई है। मामला चकबन्दी विभाग का है जिसमें फर्जी अभिलेखों के जरिए लाभ प्राप्त करने वाले तीन व्यक्तियों अब्दुल खलील, अब्दुल सलीम पुत्रगण जाफर व मजीदुन्निशा पत्नी स्व0 जाफर निवासीगण ग्राम मानीगढ़ा, परगना सादुल्लानगर, तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर तथा कूट रचित अभिलेख जारी करने एवं अभिलेखों के द्वारा विपक्षियों को लाभ पहुंचाने वाले तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी बलरामपुर शिवमूरत सिंह, महेन्द्र गुप्ता पेशकार न्यायालय चकबन्दी, राम पुजारी संग्रह अनुसेवक के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज



कराया गया है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने जनता दर्शन में चकबन्दी विभाग द्वारा फर्जी अभिलेखों के जरिए लाभ पहुंचाने की साक्ष्य सहित सूचना पर गिरोह के विरूद्ध जाचं के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व प्रदीप कुमार तथा अपर उपजिलाधिकारी बलरामपुर संतोष कुमार ओझा की अध्यक्षता में दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराया तो पता चला कि अविधिक व गलत कार्य में संलिप्त चकबन्दी अधिकारी बलरामपुर शिवमूरत सिंह कुशवाहा जो कि पदोन्नत होकर वर्तमान में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सिद्धार्थनगर के पद पर तैनात हैं, उनके पेशकार न्यायालय चकबन्दी बलरामपुर महेन्द्र कुमार गुप्ता व राजस्व अभिलेखागार में कार्यरत कर्मचारी राम पुजारी, संग्रह अनुसेवक सम्बद्ध राजस्व अभिलेखागार बस्ताबरदार द्वारा विपक्षी को वर्ष 1979 के एक प्रकरण में मूल पत्रावली में आदेश न होते हुए भी चकबन्दी अधिकारी ने कार्यालय का दुरूपयोग करते हुए मैनुअल आदेश जारी कर दिया तथा जारी किये गये आदेश को राजस्व परिषद की वेबसाइट पर भी अपलोड नहीं किया गया और अभिलेखागार से आदेश की फर्जी नकल भी जारी करा दी गई। डीएम द्वारा गठित टीम की जांच में चकबन्दी अधिकारी बलरामपुर शिवमूरत सिंह, महेन्द्र गुप्ता पेशकार न्यायालय चकबन्दी, राम पुजारी संग्रह अनुसेवक दोषी पाये गये। डीएम के आदेश पर फर्जी नकल जारी कराकर लाभ उठाने वाले तीन व्यक्तियों अब्दुल खलील, अब्दुल सलीम पुत्रगण जाफर व मजीदुन्निशा पत्नी स्व0 जाफर निवासीगण ग्राम मानीगढ़ा, परगना सादुल्लानगर, तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर तथा तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी बलरामपुर शिवमूरत सिंह, महेन्द्र गुप्ता पेशकार न्यायालय चकबन्दी, राम पुजारी संग्रह अनुसेवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है और प्रकरण में तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी बलरामपुर शिवमूरत सिंह के खिलाफ शासन को चार्जशीट भी भेजी जा रही है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी जांच कराई जा रही है, संलिप्त किसी भी व्यक्ति को कतई बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि कूट रचित काम करने वालों के विरूद्ध निश्चित ही कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सफलता का मंत्र है लाइफ़लोंग लर्निंग : प्रो. योगेश सिंह

## दिल्ली विश्वविद्यालय में सस्टेनेबल डेव्लपमेंट :ए रोड़ टूवर्ड्स लाइफ़लोंग लर्निंग विषय पर 3 दिवसीय अंतरराष्टीय कॉन्फ्रेंस का हुआ शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग द्वारा जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज और भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के सहयोग से सस्टेनेबल डेव्लपमेंटः ए रोड़ टूवर्ड्स लाइफलॉन्ग लर्निंग विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 18 से 20 जनवरी तक किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस का विधिवत्त उद्घाटन 18 जनवरी को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में हुआ। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कुलपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि लाइफ़लोंग लर्निंग सफलता का एक मंत्र है। यह कोई लक्ष्य नहीं अपितु सुव्यवस्थित यात्रा है।




कुलपति ने अपने उद्घाटन भाषण के दौरान कहा कि केवल वसुधैव कुटुंबकम कहने से काम नहीं चलेगा, इसके लिए हमें उदाहरण स्थापित करने होंगे। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। परंतु सतत विकास के लक्ष्यों से समझौता करके इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसीलिए ऐसे कॉन्फ्रेंस आवश्यक हैं। प्रो. योगेश सिंह ने यमुना जैसी कुछ नदियों से 100ऋ पानी नहरों में निकाल लेने को जल प्रदूषण का बड़ा कारण मानते हुए कहा कि रिवर वाटर से बोटल वाटर तक की यात्रा बहुत ही दर्दनांक है। उन्होंने कहा कि जितना हम सतत विकास की बात करते हैं कार्यान्वियन में उतना ही उल्टे हैं। जो चीजें प्रकृति ने हमें मुफ्त में दी हैं, हमने उन्हें भी दूषित कर दिया। इसलिए हमें सही शिक्षा की जरूरत है। भारतीय ज्ञान परंपरा इसमें हमें मदद कर सकती है।

कुलपति ने बदलती तकनीक और उसके साथ बदलते आचरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछली सदी में उत्पादों के रिपेयर पर काम होता था; फिर उत्पाद की क्वालिटी तो उन्नत हुई, लेकिन रिपेयर की बजाए रिपलेस पर काम होने लगा। ऐसे थ्युरियाँ कुछ देशों के लिए वहाँ की व्यवस्था के अनुसार ठीक हो सकती हैं, लेकिन भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश के लिए ठीक नहीं हो सकती। इसके साथ ही कुलपति ने इस कॉन्फ्रेंस के समूहिक आयोजन के लिए तीनों भागीदारों को शुभकामनाएँ भी दी। इस दौरान कुलपति द्वारा कॉन्फ्रेंस की सार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया और विकसित भारत @2047: युवाओं की आवाज विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर साउथ कैम्पस के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह के आरंभ में डीसीईई के एचओडी प्रो. राजेश कुमार ने अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस कॉन्फ्रेंस के सहभागी संस्थान, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, की प्रिंसिपल प्रो. स्वाति पाल ने अपने संबोधन के दौरान इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की सह-मेजबानी करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, गरिमापूर्ण जीवन आंतरिक रूप से एक स्थायी भविष्य से जुड़ा हुआ है। लेकिन जिम्मेदारी कहां है? सतत विकास को एक व्यक्तिगत, रोजमर्रा की पसंद बनने की जरूरत है। पृथ्वी और पारिस्थितिकी तंत्र के साथ हमारे संबंधों को फिर से परिभाषित करना महत्वपूर्ण है। समारोह के अंत में डीसीईई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमार आशुतोष द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में परिचालन विभाग ने 11 रनों से मैच जीत लिया

वाराणसी ।(पीएमए) मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत श्रीवास्तव के निर्देशन में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के क्रीड़ा स्थल में चल रहे अंतर -विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज 18 जनवरी,2024 को परिचालन और विद्युत सामान्य विभाग के बीच मैच खेला गया। परिचालन विभाग ने 11 रनों से मैच जीत लिया। सर्वाधिक 114 रनों की शानदार नाबाद इनिंग खेलने वाले परिचालन विभाग के रामप्रवेश यादव को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री बालेंद्र पाल के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

विद्युत विभाग ने टॉस जीतकर पहले परिचालन को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया परिचालन विभाग की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाएं। परिचालन की तरफ से रामप्रवेश ने शानदार बैटिंग करते हुए 57 बॉल पर 16 चौके और चार चक्के की मदद से 114 रन बनाएं, आशीष सिंह ने 15 बॉल पर दो चौके और तीन छक्के की मदद से 32 रन, गौरव कुमार ने 11 बॉल पर 25 रन तथा मनीष ने 15 बॉल पर 14 रन बनाए। विद्युत विभाग की तरफ से करण कुमार ने दो ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए, मुनि कुमार, भगवान यादव और रोशन को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्युत विभाग के अनिल यादव ने अपनी शानदार बैटिंग से मैच को काफी रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन 41 बाल पर 9 चौके और साथ छक्के की मदद से शानदार 96 रन बनाने वाले अनिल यादव का प्रयास नाकाफी रहा और उनके आउट होने के बाद विद्युत विभाग की पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 219 रन बना सकी एवं परिचालन विभाग ने 11 रनों से मैच जीत लिया। विद्युत विभाग की तरफ से संजय ने 22 बॉल पर चार चौकों की मदद से 23 रन और नीरज ने 17 बॉल पर दो चौकों की मदद से 15 रन बनाएं। परिचालन विभाग की तरफ से आशीष सिंह ने चार ओवर में 27 रन देकर के चार विकेट लिए, रामप्रवेश, गोविंद, गजानन और गौरव को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

# उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

वाराणसी। (पीएमए) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या अनीता अग्रवाल ने गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि टीकाकरण में वाराणसी पूरे प्रदेश में नंबर एक है, साथ ही कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व वंदन योजना भी आवेदन कराए जा रहे हैं।

श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिक विद्याधन योजना के तहत 100 के सापेक्ष कुल 86 बच्चो को लाभान्वित किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिन बच्चों के माता-पिता दोनों अथवा किसी एक की कोविड से मृत्यु हो गई है, ऐसे 357 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत 1342 बच्चो की जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है तथा अब तक लगभग 2100 बच्चे चिन्हित किया जा चुके हैं। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा 3353 बच्चों का चिन्हीकरण कर लिया गया है तथा 189 बच्चो के आवेदन पत्र जिला स्तरीय समिति द्वारा समिति से स्वीकृत कराए जा चुके हैं।

# जिलाधिकारी ने किसानों की सुनी समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

चंदौली। (पीएमए) कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याएं त्वरित गति से निस्तारित करने का निर्देश दिया।

बैठक में किसानों ने नहरों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता न होने, धान खरीद में बिचौलियों की भूमिका से होने वाली समस्याओं,उर्वरकों की कमी एवं नहरों की सिल्ट सफाई न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों



को सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित बिंदवार समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए कृषकों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित गति से समस्याओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान किसानों के द्वारा अवगत कराए,धान क्रय केंद्रों पर बिचौलियों की बढ़ती भूमिका के संबंध में जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को जांच करने के निर्देश दिए,साथ ही जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि इस संबंध में उनके पास जो भी प्रमाण या केंद्रों की सूची हो उसको उपलब्ध कराएं जिससे कि जांच कराई जा सके।

किसानों द्वारा बैठक के अंतर्गत चंद्रप्रभा बांध से पानी रिसने,नहरों में पानी न आने एवं नहरों में सिल्ट न होने का मुद्दा, माइनर के घास फूस एवं जल कुंभी से पटे होने का मुद्दा भी उठाया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार नहरों में साफ सफाई कराने के निर्देश दिए ।

कुछ किसानों द्वारा बैठक के दौरान चहनिया में 75 प्रतिशत नालियां क्षतिग्रस्त होने,एवं रामगढ़ में बाणगंगा की खुदाई का मुद्दा उठाया गया।इस संबंध में जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर इसे निस्तारित करने का निर्देश दिया। स्थानीय किसान द्वारा बरवाडीह एवं मझगई के सोसायटी में उर्वरक न मिलने का मुद्दा उठाया जिस पर जिलाधिकारी ने एआर कॉपरेटिव को जांच करने के निर्देश दिए।